वर्ष : 10 > अंक : 41

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

मीडिया दृष्टिकोण

मूल्य: 10 रुपए > पृष्ठ : 08

# हिलव्यू समाचार

सामाजिक व्यवहार ही सबसे बड़ी पूंजी है। -शालिनी श्रीवास्तव

website: www.hsnews.in

साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर, रविवार, 07 अप्रैल 2024

### कोटपूतली में विजय शंखनाद रैली को पीएम मोदी ने किया संबोधित, कहा...

# ‘दस साल में जो कुछ हुआ वो तो ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है’

हिलव्यू समाचार

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार से प्रदेश में चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया। उन्होंने जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में कोटपूतली में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ‘मोदी मौज-मस्ती करने के लिए नहीं, बल्कि मेहनत करने के पैदा हुआ है।’ प्रधानमंत्री ने कहा हमने 10 साल में जो कुछ भी किया है वो तो बस ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है। उन्होंने कहा आज देश में भाजपा का मतलब है विकास और समाधान, लेकिन कांग्रेस का मतलब है देश की हर बीमारी की जड़। आप कोई भी समस्या देखेंगे तो उसकी जड़ में कांग्रेस पार्टी ही नजर आएगी। आजादी के 7 दशकों तक देश में कांग्रेस की वजह से गरीबी रही। भारत को नई टेक्नोलॉजी, रक्षा सामान के लिए दूसरे देशों की ओर देखना पड़ता था, आज बीजेपी सरकार के समय भारत की पहचान भारत के हथियार का निर्यात करने वाले देश के रूप में बन रही है।



### कांग्रेस ने जिसे पूछा तक नहीं, उसे मोदी ने पूजा

प्रधानमंत्री ने कहा कि वे कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ, मोदी कहता है भ्रष्टाचार हटाओ... यह पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें कांग्रेस पार्टी के बड़े नेता खुद के चुनाव जीतने की बात नहीं कर रहे, लेकिन देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर भाजपा जीती तो देश में आग लग जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने जिसे पूछा तक नहीं, मोदी ने उसे पूजा है। कांग्रेस ने देश के करोड़ों किसानों को कभी नहीं पूछा। मोदी ने राजस्थान के 85 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत करीब 20 हजार करोड़ रुपए भेजे हैं।

### देश की सियासत फिर दो खेमों में बंटी

पीएम मोदी ने कहा कि 2024 के इस चुनाव में देश की सियासत फिर दो खेमों में बंटी नजर आ रही है। आज एक तरफ राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर चलने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ देश को लूटने के मौके तलाशने वाली कांग्रेस पार्टी है। आज एक ओर देश को परिवार मानने वाली भाजपा है तो दूसरी ओर अपने परिवार को देश से बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। आज एक ओर दुनिया में देश का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा है तो दूसरी ओर विदेश में जाकर देश को गाली देने वाली कांग्रेस है।

### कांग्रेस के बड़े नेता खुद चुनाव लड़ने पर मौन

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में कुछ लोग धमकी दे रहे हैं कि बीजेपी जीती तो देश में आग लग जाएगी। मोदी 10 साल में इनकी लगाई गई आग को बुझा रहा है। ये पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता खुद के चुनाव जीतने की बात पर मौन हैं। ये पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें सारे भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे हैं।

### गरीबी को लेकर कांग्रेस पर बोला हमला

विपक्ष पर हमला बोलते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने अपने खतरनाक इरादे जताना शुरू कर दिए हैं। इसलिए देश को बचाने के लिए आपकी आने वाली पीढ़ी की जिंदगी के सुख और समृद्धि के लिए ये चुनाव बहुत अहम है। कांग्रेस की वजह से आजादी के सात दशक बाद भी देश में गरीबी रही।



### ‘भारत की पहचान अब हथियार निर्यात के तौर पर बन रही’

विरोधियों पर हमला बोलते हुए पीएम ने कहा, कांग्रेस की वजह से भारत को नई टेक्नोलॉजी, रक्षा सामान के लिए दूसरे देशों की ओर देखना पड़ता था। यही कांग्रेस कभी हमारी सेना को आत्मनिर्भर नहीं होने दिया। कांग्रेस के समय में भारत की पहचान दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयात करने वाले देश की थी। आज भाजपा सरकार के समय भारत की पहचान हथियार निर्यात करने वाले देश के तौर पर बन रही है। भारत ने कल ही रक्षा निर्यात में नया रिकॉर्ड बनाया है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब भारत ने 21 हजार करोड़ रुपए का रक्षा सामान निर्यात किया है। भारत आज 80 से ज्यादा देशों को मेड इन इंडिया हथियार बेचता है। इसलिए मैं फिर कहूं, नीयत सही तो नतीजे सही।

### SI भर्ती परीक्षा 2021: SOG का एक्शन

# RPA से 15 ट्रेनी SI को लिया हिरासत में



हिलव्यू समाचार

**जयपुर।** प्रदेश में एसआई भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में एसओजी ने राजस्थान पुलिस एकेडमी से 15 सब इंस्पेक्टर हिरासत में लिया है। सभी ट्रेनी एसआई को टीम मुख्यालय ले गई और उनसे पूछताछ की। इससे पहले पेपर लीक केस की जांच में जुटी एसओजी ने 13 ट्रेनी थानेदारों को गिरफ्तार किया था। एसओजी मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे पहुंची टीम ने तीन घंटे तक आरोपियों से पूछताछ की। इसके बाद 20 ट्रेनी एसआई को डिटेन किया है। जांच एजेंसी को पूर्व में गिरफ्तार ट्रेनी एसआई से कई अहम सबूत मिले हैं। माना जा रहा है कि उसी के आधार पर एसओजी ने यह कार्रवाई की है। पहले पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद कई नाम सामने आए, जिनमें बाद एसओजी ने ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों को हिरासत में लिया है।

### सभी प्रशिक्षु सब इंस्पेक्टरों की ली थी डमी परीक्षा

राजस्थान एसओजी ने इस भर्ती परीक्षा 2021 में पास हुए सभी ट्रेनी सब इंस्पेक्टरों की डमी परीक्षा ली थी। सभी ट्रेनी एसआई को वही पेपर हल करने के लिए दिया गया था, जो 2021 की परीक्षा में आया था। इस दौरान 17 ट्रेनी एसआई 20 प्रतिशत भी पेपर हल नहीं कर पाए। 400 ट्रेनिंग एसआई 50 प्रतिशत प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाए थे। पेपर लीक मामले में गिरफ्तार जगदीश बिश्नोई से पूछताछ में कई खुलासे सामने आए हैं। जगदीश बिश्नोई ने पेपर लीक करके एक हिस्ट्रीशीटर की बेटी को भी थानेदार बनवा दिया था। एसओजी गिरफ्त में आए आरोपियों से पूछताछ करके मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पूछताछ में और भी कई गिरफ्तारयां हो सकती है।

### सफाई व्यवस्था सुधारने को निगम ने अफसरों को फील्ड में उतारा

# CSI-ASI कचरा डिपो पर कुर्सी लगाकर बैठें और काटें चालान

हिलव्यू समाचार

**जयपुर।** ‘प्रतिदिन ओपन कचरा डिपो विजिट करें। कचरा उठने के बाद बार-बार कचरा डालने वालों पर लगाम लगाने के लिए और उनका हाथों-हाथ जुर्माना करने के लिए सभी सीएसआई व एसआई डिपो के सामने थड़ी या दुकानों पर कुर्सी लगाकर बैठें।’ ये निर्देश हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने अधकारियों को दिए। गौरतलब है कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने पिछले तीन महिनों में सफाई कर्मचारियों की हाजरी, कचरा डिपो उठने की स्थिति, हाजरीगाह की स्थिति एवं हूपर्स पर जिंगल, शौचालयों व टॉयलेट, सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण करवाने और मानिटरिंग व सर्वे करवाने के बाद ओपन डिपो को पूरी तरह से साफ करवाने का टास्क हाथ में लेकर जोर शोर से कार्य करवाना शुरू करवा दिया है।




### रोजाना दो घंटे के लिए फील्ड में रहें

सुराणा ने मुख्यालय व जोन के लगभग सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिकारियों को पहले ओपन डिपो की ऑन द स्पॉट गूगल शीट में रिपोर्ट भरने व मंगलवार से सभी अधिकारियों को दो घंटे के लिये फील्ड में उतार दिया है। सुराणा ने आज इन कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छता में रैंकिंग बढाना ही टास्क नहीं है, बल्कि ओपन कचरा डिपो को पूरी तरह खत्म कर शहर की सफाई व्यवस्था निरंतर मुस्तैद बनाये रखना है। सुराणा ने अधिकारियों उपायुक्त स्वास्थ्य व उपायुक्त उद्यान व मुख्यालय शाखा को यह निर्देश दिए कि वे ओपन डिपो साफ करवाकर वहां पर पेंट करवाएं।

### हूपर्स पर स्वच्छता व चुनाव के जिंगल चलवाएं

उन्होंने हूपर्स पर स्वच्छता व चुनाव के जिंगल चलवाने, तिरपाल से ढंकवाने व हूपर्स में हैल्पर्स ड्रेस में हों यह सुनिश्चित करवाने, मूत्रालय,सार्वजनिक शौचालयों व सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण करने, पान के धब्बे व जगह-जगह खुले में पेशाब करने से होने वाले पीले धब्बे को हटाने हेतु पेंट करवाने, टाइल्स लगवाने, 100 किलो से ज्यादा कचरा पैदा करने वाले होटल रेस्टोरेंट व हास्पिटल को जीरो वेस्ट प्रोजेक्ट को लागू करवाने के लिए अमुखीकरण करवाने, सीवर की समस्याओं का निस्तारण व नालों की सफाई, व अगले सप्ताह से मौहल्ला समितियों के साथ बैठक, गीला व सूखा कचरा अलग करवाने के लिए पार्कों में संगोष्ठी, बच्चों व पेरेंट्स को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नौवी व बारहवीं के बच्चों के साथ मीटिंग करने, युवा क्लबों को साथ जोडकर प्रतिदिन श्रमदान करवाने पर भी फोकस करने के निर्देश दिए।

### ऑर्गन ट्रांसप्लांट की फर्जी एनओसी का मामला

# विदेशियों को थमा दी फर्जी एनओसी

हिलव्यू समाचार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को ऑर्गन ट्रांसप्लांट के संबंध में निजी अस्पतालों को फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में फोर्टिस अस्पताल में सर्च ऑपरेशन चलाया। सर्च में एसीबी ने अस्पताल की ट्रांसप्लांट विंग से 20 फाइलें जब्त की। एसीबी इससे पहले सोमवार की रात को ईएचसीसी हॉस्पिटल से 25 फाइलें जब्त कर चुकी हैं। एसीबी ने तीन साल में ऑर्गन ट्रांसप्लांट के संबंध में जांच की तो सामने आया कि 800 से 1000 एनओसी जारी की गई थी। इनमें से 40 प्रतिशत एनओसी नेपाल, बांग्लादेश और कंबोडिया के लोगों को दी गई थी। अब एसीबी ने इन सभी फाइलों में लगी एनओसी की जांच शुरू कर दी है। एसीबी पहले उन एनओसी की जांच कर रही है जो हाल ही में दी गई थी और जो मरीज अभी उपचार के लिए भर्ती है।



एसीबी के डीआईजी डॉ. रवि ने बताया कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट के संबंध में एनओसी जारी करने के मास्टरमाइंड एसएमएच अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। सभी की तस्दीक की जा रही है। गौरव की ओर से जारी की गई एनओसी में से 40 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में डोनर और रिसीवर विदेशी हैं।

**-डॉ. रवि, डीआईजी एसीबी**

**अब ऑनलाइन होगा ऑर्गन ट्रांसप्लांट की मंजूरी देने का काम:** ऑर्गन ट्रांसप्लांट में फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में एसीबी की कार्रवाई के बाद मंगलवार को जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में कॉलेज प्रशासन की ओर से हाईलेवल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के नेतृत्व में हुई उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिया है कि ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए इसे ऑनलाइन किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल स्तर पर भी सभी प्रक्रिया को क्रॉस चेक करने के बाद ही ऑर्गन ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया को मंजूरी मिल सकेगी।

### हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ

# न्याय व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए अधिवक्ता जरूरी: CJ

हिलव्यू समाचार

**जयपुर।** मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा, महासचिव सुशील पुजारी तथा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को मंगलवार को शपथ दिलाई।

समारोह में राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता भी सम्मिलित हुए। इस मौके पर सीजे एमएम श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रदेश की व्यवस्था में वहां के अधिवक्ताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अधिवक्ताओं का दायित्व अन्य नागरिकों से काफी अलग और ऊपर है। यह पेशा काफी जिम्मेदारी का है, पूरी न्याय व्यवस्था में अधिवक्ता महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए न्यायाधीश और संसाधनों का होना पर्याप्त नहीं है, न्यायालय में जो पक्षकार अपनी तकलीफ लेकर आता है, उसका प्रमुख माध्यम अधिवक्ता है।




### कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें

सीजे एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि न्याय व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए न्यायाधीश और संसाधनों का होना पर्याप्त नहीं है, न्यायालय में जो पक्षकार अपनी तकलीफ लेकर आता है, उसका प्रमुख माध्यम अधिवक्ता है। हम वकीलों से आशा रखते हैं कि वह कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मैने देखा है कि यहां बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने के तत्काल बाद चुनाव हो जाते हैं, यह बार के आंतरिक लोकतंत्र को दर्शाता है। इस मौके पर बार के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने कहा कि वकील समुदाय हमेशा से समाज के कल्याण के लिए ही काम करता है।

### समारोह में ये रहे मौजूद

आज शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा, महासचिव सुशील पुजारी सहित पूरी कार्यकारिणी ने शपथ ली। इस मौके पर हाईकोर्ट जयपुर पीठ के सभी न्यायाधीश, रजिस्ट्रार जनरल चंद्रप्रकाश श्रीमाली, पीपीएस बृजेंद्र कुमार जैन सहित न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर दी बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष पवन शर्मा, महासचिव राजकुमार शर्मा, दी डिस्ट्रीक्ट बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत सहित बड़ी संख्या मे अधिवक्ता मौजूद रहे।

सम्पादकीय

## वाणिज्यिक तेल भंडार से ऊर्जा सुरक्षा और बढ़ेगी

एक तरफ जहां भारत वैकल्पिक और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से नीतिगत और औद्योगिक कदम बढ़ा रहा है, वहीं ऊर्जा सुरक्षा व निर्भरता हासिल करने के लिए वह अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक कच्चा तेल भंडारण भी बनाने जा रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए किफायती व प्रचूर ऊर्जा उपलब्धता जरूरी है। भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। भारत दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। सरकार की योजना कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने की है। आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन), कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं। पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है। पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी। पादुर-दो का संचालक तेल भंडारण की इच्छुक किसी भी तेल कंपनी को भंडारण क्षेत्र पट्टे पर देगा और उसके लिए शुल्क लेगा। तेल का भंडारण करने वाली कंपनियां इसे घरेलू रिफाइनरी कंपनियों को बेच सकती हैं, लेकिन आपात स्थिति में तेल के इस्तेमाल पर पहला अधिकार देश का होगा। भारत अपनी 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। ऐसे में आपूर्ति में व्यवधान या युद्ध जैसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में रणनीतिक भंडार का उपयोग किया जा सकेगा। अमेरिका, चीन, जापान, यूके आदि देश भी इमरजेंसी की स्थिति के लिए तेल का भंडारण करते हैं। भारत के पास रणनीतिक तेल भंडार बहुत पहले से है और वो काफी सुदृढ़ है। इससे समय समय पर तेल की आपूर्ति भी बाजार को की गई है। स्ट्रेटेजिक के साथ वाणिज्यिक तेल का भंडारण करना सरकार की अनूठी पहल है। सरकार व निजी कंपनियां मिल कर कच्चे तेल का एक भंडार अपने पास रखती हैं, इसका इस्तेमाल इमरजेंसी में किया जाता है। जैसे युद्ध या प्रतिबंध जैसे हालात। इसी भंडार को रणनीतिक तेल भंडारण कहा जाता है। 1973 के तेल संकट के बाद भविष्य में इस तरह के संकटों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की स्थापना की गई थी, इसके सभी सदस्य देशों के लिए 90 दिनों का तेल का भंडार रखना अनिवार्य है। भारत के पास आपात स्थिति से निपटने के लिए करीब 3.7 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडार है।



मौद्रिक समीक्षा

सतीश सिंह


> जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5.10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5.69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है। लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है।

# रेपो दर यथावत रहने के आसार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 12 मार्च 2024 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के ताजे आंकड़े जारी किए, जिसके अनुसार फरवरी 2024 में खुदरा महंगाई मामूली रूप से घटकर 5.09 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले 4 महीनों का सबसे निचला स्तर है। जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5.10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5.69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है।

किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। दुनिया के अधिकांश देशों में अभी भी महंगाई दर बहुत ही ज्यादा है, वहीं कुछ देशों में महंगाई के स्तर में कमी आई है, जिसका मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कमी आना और आपूर्ति श्रृंखला के राह की बाधाओं में कमी आना है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के कुछ देशों में महंगाई 100 प्रतिशत से 250 प्रतिशत तक है। अर्जेन्टीना दुनिया में सबसे ज्यादा महंगा देश है, जहां महंगाई दर 254 प्रतिशत है। वहीं, लेबनान दूसरे स्थान पर है, जबकि वेनेजुएला तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान 28.3 प्रतिशत महंगाई दर के साथ दुनिया के शीर्ष 10 देशों में शामिल है, जबकि बांग्लादेश में महंगाई दर 9.86 प्रतिशत है।

हालांकि, विकसित देशों में महंगाई दर में कमी आ रही है। इंग्लैंड में महंगाई दर 4.0 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में यह 3.1 प्रतिशत है। फ्रांस में भी महंगाई दर 3.1 प्रतिशत है और जापान में यह 2.6 प्रतिशत है। वहीं, थाईलैंड में दुनिया में सबसे कम महंगाई दर माइनस 1.11 प्रतिशत है,जबकि चीन में महंगाई दर माइनस 0.8 प्रतिशत है, जो कम महंगाई दर के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। भारत कम महंगाई के मामले में दुनिया में 17वें स्थान पर है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 13 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार रही थी। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रही थी। फिर, 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर 4 प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बनी रही थी। वित्त वर्ष 2024-





25 में राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी हुई है और आगामी महीनों में भी कर और गैर कर राजस्व संग्रह में तेजी आने की संभावना है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह भी विगत 6 महीनों से लगातार 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर के स्तर पर बना हुआ है, इसलिए माना जा रहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार उधारी कम लेगी।

लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है। दो अप्रैल को जारी की गई एचएसबीसी इंडिया पीएमआई आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण आंकड़ा मार्च 2024 में 59.1 के स्तर पर पहुंच गया है, जो विगत 16 सालों यानी 2008 के बाद का उच्चतम स्तर है। फरवरी महीने में यह 56.9 के स्तर पर रहा था। अक्तूबर 2020 के बाद से उत्पादन और नए ऑर्डर में तेज वृद्धि की वजह से यह 59.1 के स्तर पर पहुंच सका है। इतना ही नहीं लगातार 33वें महीने विनिर्माण पीएमआई 50 के स्तर से ऊपर रहा है। गौरतलब है कि 50 से ऊपर का स्तर विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार का संकेतक है, जबकि 50 से कम का स्तर संकुचन का। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और इसके लिए भी रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दें। महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। फिर भी, एचएसबीसी इंडिया पीएमआई के आंकड़ों का 59.1 के स्तर पर पहुंचना आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का सूचक है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा, जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, केयर एज रेटिंग एजेंसी के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत रह सकती है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 14.0 प्रतिशत या 14.5 प्रतिशत रह सकती है। मौजूदा परिवेश में, रिजर्व बैंक रेपो दर को बढ़ाकर विकास दर को कम नहीं करना चाहता है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद थोड़ी ज्यादा है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है, क्योंकि मंहगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है, ताकि आम आदमी को परेशानी भी न हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे, इसलिए रिजर्व बैंक 5 अप्रैल को रेपो दर में न तो कटौती करेगा और न ही वृद्धि।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सारा संसार



चंडीगढ़ का रॉक गार्डन दुनिया के सबसे ज्यादा फेमस गार्डंस में शुमार है। देश के मशहूर रॉक आर्टिस्ट नेकचंद ने वेस्ट मैटीरियल से करीब 40 एकड़ में इस गार्डन को तैयार किया था। नेकचंद ने 1957 में यह नेक पहल की। 18 साल के प्रयास के बाद इस रॉक गार्डन को तैयार कर सके।

दरकार

आशीष वशिष्ठ




## चुनाव में पर्यावरण हो मुद्दा

अठारहवीं लोकसभा के निर्वाचन के लिए चुनाव का शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक दलों द्वारा वादों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसे में मतदाता उसी तरह भ्रमित हैं जैसे किसी शापिंग मॉल में चारों तरफ लगे डिस्काउंट सेल के इश्तहार देखकर होता है, लेकिन वादों के इस मौसम में आई एक खबर ने हर उस व्यक्ति को परेशान कर दिया जिसे अपने साथ -साथ अपनी संतानों के भविष्य की भी चिंता है। चुनाव आते ही नेताओं की रैलियां, भाषण, बड़े-बड़े वादे शुरू हो जाते हैं, परन्तु जो असल मुद्दे हैं उन पर कोई वादे नहीं होते। वर्तमान में हवा में प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लोगों को टीबी तथा श्वास की बीमारियां हो रही हैं, फिर भी लोग मजबूर हैं ऐसे हालात में जीने के लिए। चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है जहां प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। लगातार वैज्ञानिक वायु प्रदूषण के घातक प्रभाव हमारे समक्ष रख रहे हैं, परन्तु किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा। आंकड़े बताते हैं कि हम पूरे साल वायु प्रदूषण की चपेट में जीवन जीते हैं। बरसात के वक्त जरूर हमें इससे कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शेष समय इसके साथ रहना ही पड़ता है। इस प्रदूषण का बड़ा कारण कारखानों और वाहनों से निकलता धुआं है। प्रदूषण पर नियंत्रण करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। देश में होने जा रहे आम चुनाव में भी प्रदूषण मुद्दा नहीं है। राजनीतिक दल इस पर चर्चा भी नहीं कर रहे। आम आदमी को प्रदूषण को लेकर सरकारों से सवाल करने होंगे। राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनाना होगा कि चुनावी एजेंडे में साफ हवा-पानी को भी शामिल किया जाए। देश के 9 शहर प्रदूषण के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विश्व के शीर्ष 50 प्रदूषित शहरों में से 43 शहर तो भारत के ही हैं। प्रदूषण की स्थिति को लेकर हम दुनिया में नौवें नंबर पर हैं। ये आंकड़े डराते हैं। आखिर हम किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हम साफ हवा में सांस भी नहीं ले सकते हैं? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या बिगड़े हुए हालात के लिए कहीं हम खुद ही तो जिम्मेदार नहीं हैं? सबसे दुखदायी आंकड़ा ये है कि भारत की 96 फीसदी आबादी की सांसों में प्रदूषित हवा प्रवाहित हो रही है। ये कहना भी गलत नहीं होगा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव है। ऐसे में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे मुद्दे राजनीतिक विमर्श में शामिल क्यों नहीं होते? पंजाब के किसान जो पराली जलाते हैं उसकी वजह से दिल्ली सहित समीपवर्ती बड़े इलाके पर धुएं की चादर बिछ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय तक इस मामले में सख्ती दिखा चुका है। आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में आई तब वह पराली के लिए पंजाब को कसूरवार ठहराया करती थी किंतु जैसे ही वहां सरकार बनी उसकी शिकायत खत्म हो गई। समय की मांग है इस बारे में नई सोच विकसित की जाए ताकि दुनिया के विकसित देशों की कतार में शामिल होने के साथ ही भारत एक स्वच्छ और प्रदूषण रहित देश के रूप में भी जाना जाए। नेताओं को यह मालूम है कि वोट प्रदूषण के मुद्दे पर नहीं मिलेंगे, बल्कि जाति, धर्म, आरक्षण आदि के मुद्दों पर मिलेंगे। प्रदूषण सीधे जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है, लेकिन चुनावी मुद्दा नहीं बनता। स्वच्छ भारत मिशन की तरह ही स्वच्छ हवा मिशन का नारा बनना चाहिए। देखना ये है कि कोई पार्टी इसे अपने घोषणापत्र में शामिल करती है या नहीं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की याचना नहीं करता




संकलित

दर्शन

सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की भी याचना नहीं करता है। मन में मुक्ति की भी लेशमात्र इच्छा शेष रहते हुए वह अपने आपको प्रभु का सच्चा भक्त नहीं कह सकता है। मुक्ति की कामना सात्विक कामना होते हुए भी भक्त मुक्ति का दास बन जाता है। उसमें अभी स्वार्थ बाकी है; अत वह अपने को नैष्ठिक ईश्वर प्रेमी नहीं कह सकता है। अभी तक उसने परिपूर्ण और निशेष समर्पण नहीं किया है। मुक्ति की याचना एक प्रकार का दंभ ही है। क्या कोई सच्चा भक्त यह जानते हुए भी कि भगवान करुणा और दया के सागर हैं, उनसे कुछ याचना कर सकता है? वास्तविक भक्त कभी किसी बात के लिए भगवान से शिकायत नहीं करता। कच्चा भक्त कठिनाई में पड़ते ही भगवान की निंदा करने लगता है कि 'मैंने पचीस लाख जप किया, प्रतिदिन भागवत का पाठ करता रहा; फिर भी ईश्वर प्रसन्न नहीं हुआ; मेरा दुख दूर नहीं किया। वह अंधा है। मेरी प्रार्थना सुनता नहीं है। भगवान भी कैसा है! उस पर मेरा विश्वास नहीं रहा।' सच्चे भक्त को दुख तथा कष्ट में भी सुख ही मिलता है। अत वह दुख की ही कामना करता है, जिससे एक क्षण भी भगवान का विस्मरण न हो। उसे यह पूर्ण विश्वास होता है कि भगवान जो कुछ करता है, भले के लिए ही करता है। पुरी की एक घटना है। वहां एक आदमी था, जो भगवान हरि का परम भक्त था तथा उनके हाथों में अपने को पूर्णतया सौंप चुका था। वह एक बार सख्त बीमार हो गया।

## सफल लोगों से रखें मित्रता, मुश्किल में देंगे साथ



संकलित

प्रेरणा

आचार्य चाणक्य बहुत बड़े विद्वान थे और वह चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु थे। उन्होंने एक नीति शास्त्र की रचना की थी, जिसे 'चाणक्य नीति' के नाम से जाना जाता है। चाणक्य नीति में जीवन से जुड़े लगभग सभी विषयों का जिक्र है। आज भी ये नीतियां युवाओं को मार्गदर्शित करती हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो चाणक्य नीति जीवन में मंजिल हासिल करने में मदद करती है। इसके अलावा इस नीति शास्त्र में व्यक्ति के गुण और अवगुणों के बारे में भी विस्तार से जिक्र किया गया है। साथ ही जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए, इस बात का भी उल्लेख है। दरअसल, अपने जीवन में हम सभी कई लोगों से मिलते हैं जिनमें से कुछ हमारे करीबी बन जाते हैं लेकिन कौन हमारे करीब है और निस्वार्थ के साथ मित्रता निभाता है इसकी पहचान करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में चाणक्य नीति में रचित बातों का ध्यान रखना आपके लिए लाभकारी हो सकता है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि, हमें जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। चाणक्य नीति के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति लोगों के सामने अपनी बातों को स्पष्टता से रखता है, तो वो कभी किसी को धोखा नहीं दे सकता। ऐसे व्यक्ति को दिल का साफ माना जाता है। इन लोगों से मित्रता करनी चाहिए। ऐसे व्यक्ति पर आंख बंद कर भरोसा किया जा सकता है, जो कभी भी किसी भी तरह का लालच न रखता हो।

अंतर्मन




## आज की पाती

### सेजबहार की सड़कों पर अंधेरा


राजधानी से लगे सेजबहार की हाउसिंग बोर्ड कालोनी की सड़कों पर इन दिनों अंधेरा रहता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने से आवारा कुत्ते और किसी अनहोनी को लेकर कालोनीवासी परेशान हैं। कुछ समय से कालोनी में लोगों की आबादी लगातार बढ़ रही है, वहीं हाउसिंग बोर्ड की ओर से मिलने वाली सुविधाओं में कटौती हो रही है। हाउसिंग बोर्ड के अफसर अब कालोनी की समस्या से पल्ला झाड़ रहे हैं। दफ्तर मौल श्री विहार में शिफ्ट हो गया है। ऐसे में आम लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है।

–किशन कुमार

करंट अफेयर

## 2024 के लिए नए फ्लू टीके लेने से पहले क्या जानना जरूरी

मेलबर्न। इन्फ्लुएंजा एक सामान्य श्वसन संक्रमण है। हालांकि अधिकांश मामले अपेक्षाकृत हल्के होते हैं, फ्लू छोटे बच्चों और वृद्ध लोगों में अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। कोविड-19 महामारी के पहले वर्षों के दौरान जब सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिबंधों ने लोगों के बीच संपर्क कम कर दिया तो ऑस्ट्रेलिया से इन्फ्लुएंजा लगभग गायब हो गया। 2022 के बाद से, यह फिर एक मौसमी पैटर्न पर लौट आया है, हालांकि फ्लू का मौसम 2020 से पहले की तुलना में कुछ महीने पहले ही शुरू हो गया है और चरम पर है। वर्ष के इस समय फ्लू के मौसम की तीव्रता का अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन कभी-कभी हमें उत्तरी गोलार्ध से संकेत मिल सकते हैं। वहां, सीज़न लगातार तीसरे वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुआ (फरवरी/मार्च के अंत के बजाय जनवरी की शुरुआत में चरम पर), पिछले वर्ष की तुलना में बीमारी से प्रभावित लोगों और इसकी वजह से अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या समान रही। इन्फ्लूएंजा के टीकों की सिफारिश हर साल की जाती है, लेकिन अब विभिन्न प्रकार के टीकों की संख्या बढ़ रही है। इस महीने से उपलब्ध इस वर्ष के टीकों के बारे में जानने योग्य बातें यहां दी गई हैं। अन्य टीकों की तरह, इन्फ्लूएंजा टीके इन्फ्लूएंजा वायरस के एक हानिरहित घटक (एंटीजन के रूप में जाना जाता है) पर प्रतिरक्षा प्रणाली को 'प्रशिक्षित' करके काम करते हैं।



ऑफ बीट

## मां-पिता का सामान समेटते समय ख्याल कैसे रखें



तो माँ या पिताजी की मृत्यु हो गई है, या वे वृद्ध आश्रम में चले गए हैं, और अब आप पर यह जिम्मेदारी है कि आप उनका घर खाली करें। यह बहुत बड़ा काम है और आप इससे डर रहे हैं। इस काम को करते हुए दुख, हानि, अपराधबोध होना और यहां तक कि यह काम आपको सौंपे जाने पर नाराजगी महसूस होना एकदम सामान्य है। तो आप कार्य निपटाते समय अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रख सकते हैं? अनुसंधान ने साबित किया है कि यह कार्य किस प्रकार तीव्र शारीरिक और भावनात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह उन लोगों के लिए अधिक तीव्र हो सकता है जिनके उस व्यक्ति के साथ तनावपूर्ण – या यहां तक कि दर्दनाक – रिश्ते थे, जिसका घर वे समेट रहे हैं। वस्तुओं को वितरित करने या त्यागने के निर्णय, कुछ परिवारों में, अतीत की दर्दनाक यादें ला सकते हैं या तनावपूर्ण लम्हों को फिर से दोहरा सकते हैं। परिवार के वह सदस्य जो उस व्यक्ति की देखभाल कर रहे थे, उन्हें थकावट, घबराहट, उदासी या अन्याय की भावना महसूस हो सकती है, उन्हें अब अपने प्रियजनों के मामलों को देखना होगा। सामान कैसे संग्रहित करें या छोड़े, अंतिम संस्कार की व्यवस्था कैसे करें, वसीयत निष्पादित करें, वृद्ध देखभाल केन्द्र से निपटें या, कुछ मामलों में, कानूनी विवादों से कैसे निपटें, यह तय करने की व्यावहारिक चुनौतियों से दुख बढ़ सकता है।

ट्रेंड

### राज्यसभा की अहम भूमिका



राज्यसभा दिवस की शुभकामनाएं। संघीय ढांचे को मजबूत करने, कानून बनाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने और लोगों की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए 1952 में आज ही के दिन उच्च सदन का गठन किया गया था। तब से, राज्यसभा ने देश के परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### चरित्र मूल्यवान निधि



चरित्र जीवन की सबसे मूल्यवान निधि है, जो ज्ञान, तप शील और सद्गुणों से उन्नत होती है। शुभ चिंतन व तदानुकुल आचरण चरित्र को पुष्पित और पल्लवित करते हैं। जीवन की सार्थकता इसी में है कि चरित्र दृष्टांत, गाथा और उदाहरण बन जाए।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### वायनाड मेरा घर



वायनाड मेरा घर है, और वायनाड के लोग मेरा परिवार हैं। उनसे, मैंने पिछले पांच वर्षों में बहुत कुछ सीखा है और भरपूर स्नेह प्राप्त किया है। यह बहुत गर्व और विनम्रता के साथ है कि मैं इस खूबसूरत भूमि से एक बार फिर लोकसभा 2024 के लिए अपना नामांकन दाखिल कर रहा हूं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं



अरविंद केजरीवाल का गिरता स्वास्थ्य चिंता का विषय है। कई सालों से वे सीवियर डायबीटिक हैं। गिरफ्तारी के बाद उनका वज़न 4.5 किलो गिर चुका है, सारा देश उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहा है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

## एक नजर

### देश में सीजर के मामले में प्रदेश पहले स्थान पर




**जयपुर**। प्रदेश में अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में लगभग 507.44 करोड़ रुपए कीमत की जब्तियां की हैं। निर्वाचन विभाग के निर्देश पर लोकसभा आम चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 400.44 करोड़ रुपए से ज्यादा है। सीजर के मामले में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है।

### स्वरोजगार के लिए महिलाओं को किया जागरूक

**चाकसू**। कस्बे के सरकारी अस्पताल का खुर्रा गुरुद्वारे के सामने स्थित भारती बहुउद्देशीय महिला सहकारी समिति की आम सभा चाकसू कस्बा स्थित जैन नसियां आदिश्वर धाम में हुई। ये संस्था लगातार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इनके प्रयास से कई महिलाएं घर की दहलीज से निकलकर आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। ये महिलाएं कस्बे व ग्रामीण अंचल की महिलाओं को मुद्रा ऋण दिलाकर अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करती हैं। समिति संचालक सुनिता शर्मा, व्यवस्थापक जगदीश चौधरी, कार्यकर्ता विमल जैन, प्रभू चौधरी, विनोद योगी सहित मंडल सदस्यों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति अध्यक्षा हंसा देवी ने बताया कि इस दौरान महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तीकरण पर चर्चा की गई।

### चाकसू और चंदलाई कस्बे में भरा गुदरी के मेला




**चाकसू**। शीतला सप्तमी मेले के दूसरे दिन चाकसू और ग्राम पंचायत चंदलाई में दो दिवसीय गुदरी के मेले का आयोजन किया गया। इसमें सभी प्रकार के पटवो द्वारा दुकाने लगाई जाती हैं। जिसमें महिला, पुरुष और बच्चे जमकर खरीदारी करते हैं। बच्चों के लिए मनोरंजन के संसाधन भी आकर्षण का केंद्र होते हैं। चंदलाई के मेले में शिवदासपुरा, आलेवास, उदयपुरिया, तितरिया सहित आस-पास के गावो के लोग पहुंचे। इस दौरान मुख्य बाजार में स्थित रंगेश्वर महादेव मंदिर में विशेष झांकी सजाई गई। मेले में रातभर संस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर चला।

**85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी सुविधा**

# 7 हजार से ज्यादा मतदाता घर से मतदान कर चुनेंगे सांसद

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। लोकसभा चुनाव-2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 7 हजार 603 मतदाता घर से मतदान की सुविधा का लाभ उठाएंगे।

ये मतदाता घर से ही मतदान कर अपना सांसद चुनेंगे। उप जिला निवार्चन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम चरण में 5 अप्रैल से 13 अप्रैल तक सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 195 मतदान दल घर-घर जाकर मतदान करवाएंगे। वहीं, होम वोटिंग के दूसरे चरण के तहत 15 अप्रैल एवं 16 अप्रैल को अनुपस्थित मतदाताओं के लिए मतदान की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। प्रत्येक मतदान दल में 2 मतदान अधिकारी, एक माइक्रो ऑब्र्जवर, एक पुलिसकर्मी एवं एक वीडियोग्राफर को सम्मिलित किया गया है।



### जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तीन हजार से ज्यादा बुजुर्ग मतदाता घर से डालेंगे वोट

डाक मतपत्र प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी अयूब खान ने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 3 हजार 134 मतदाताओं एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 498 मतदाताओं सहित कुल 3 हजार 632 पात्र मतदाताओं ने होम वोटिंग की सुविधा के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल विधानसभा क्षेत्र से 300 मतदाता, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से 384 मतदाता, सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र से 609 मतदाता, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से 400 मतदाता, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से 380 मतदाता, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से 685 मतदाता, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से 480 मतदाता, बगरू विधानसभा क्षेत्र से 394 मतदाता घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। खान ने बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 3 हजार 130 मतदाताओं एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 841 मतदाताओं सहित कुल 3 हजार 971 पात्र मतदाताओं ने होम वोटिंग की सुविधा के लिए आवेदन किया है।

### झोटवाड़ा में सबसे ज्यादा बुजुर्ग मतदाता

होम वोटिंग की सुविधा लेने वालों में सबसे ज्यादा बुजुर्ग मतदाता झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में हैं। यहां झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से 990 मतदाता होम वाटिंग की सुविधा का लाभ उठाएंगे। वहीं जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से 612 मतदाता, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से 288 मतदाता, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से 595 मतदाता, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से 632 मतदाता, आमेर विधानसभा क्षेत्र से 199 मतदाता, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 496 मतदाता, बानसूर विधानसभा क्षेत्र से 159 मतदाता घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**नामांकन सभाओं में नेताओं ने जमकर चलाए जुबानी तीर**

# भाजपा-कांग्रेस दिग्गजों ने भरा नामांकन, किया शक्ति प्रदर्शन

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को भाजपा-कांग्रेस के कई दिग्गजों ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर हुई जनसभाओं में नेताओं ने जमकर शब्द बाण चलाए। इस दौरान आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। इस कड़ी में चित्तौड़गढ़ से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी ने नामांकन दाखिल किया।

इससे पूर्व हुई सभा में मुख्यमंत्री समेत कई भाजपा नेताओं ने शिरकत की। वहीं प्रत्याशियों ने भीड़ जुटाकर शक्ति प्रदर्शन किया। इस मौके मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि सत्ता में आते ही 90 दिन की कार्ययोजना को लागू किया और विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया। सीएम ने कहा कि 90 दिन में 45 फीसदी वादे पूरे कर लिए गए हैं।

सीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ धोखा किया। 19 में से 17 पेपर लीक हुए और इससे युवाओं के सपने चकनाचूर हुए। सीएम ने कहा कि हमने सत्ता में आते ही एसआईटी गठित कर पेपर लीक प्रकरण के सरगनाओं को जेल भेजा। अब तक 65 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। हमने जो वादा किया, वो पूरा किया है। सभा में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कांग्रेस पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस सरकार ने जनता से केवल थोथे वादे किए। भाजपा सरकार ने 90 दिनों में ही अपनी कार्य योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। जनसभा के बाद सीपी जोशी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान श्रीचन्द्र कृपलानी, झाबरमल खर्रा, प्रभुलाल सैनी, चन्द्रभान सिंह आक्या, सुरेश धाकड़, उदयलाल डांगी, मिठुलाल जाट, अर्जुनलाल जीनगर, चन्द्रगुप्त सिंह, गोपाल कुमावत, रघुनाथ गुर्जर, गौतम दक, हेमन्त मीणा, कृष्ण गोपाल पालीवाल, रतनलाल गाडरी आदि मौजूद रहे।



### प्रदेश में 27 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत दूसरे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मंगलवार को 27 प्रत्याशियों की ओर से 45 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए। अब तक 54 प्रत्याशियों ने 89 नामांकन प्रस्तुत किए हैं। वहीं बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए अब तक एक भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

### जौनपुरिया और चौधरी ने भी भरा नामांकन

टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान साथ में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ,टोंक भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल मौजूद रही। वहीं अजमेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने नामांकन सभा के बाद अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरान प्रदेश सह-प्रभारी राष्ट्रीय मंत्री विजया राहटकर, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित भाजपा पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### दुष्यंत ने पांचवीं बार दाखिल किया नामांकन पर्चा



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र जिला रिटर्निंग ऑफिसर अजय सिंह राठौड़ के समक्ष प्रस्तुत किया। नामांकन के दौरान दुष्यंत सिंह के साथ आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा भी थे। इस दौरान दुष्यंत सिंह के प्रस्ताव के रूप में भाजपा कार्यालय प्रभारी हर्षवर्धन शर्मा और मानसिंह चौहान उनके साथ रहे। इससे पहले सांसद दुष्यंत सिंह ने सुबह पृथ्वी विलास पैलेस से सीधे राडी के बालाजी पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना भी की। बता दें कि झालावाड़-बारां संसदीय क्षेत्र से दुष्यंत सिंह ने लगातार पांचवीं बार अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस क्षेत्र से वो चार बार लगातार लोकसभा सांसद रह चुके हैं। इस बार उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला जैन भाया से होगा। उर्मिला जैन भाया पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया की पत्नी है, जो बारां की जिला प्रमुख भी हैं।



### मंच पर दिखी कांग्रेसी नेताओं की एकता

जोधपुर से कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले नामांकन सभा हुई। सभा में कांग्रेस की एकजुटता नजर आई। मंच पर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और नेता प्रतिपक्ष टीमाराम जूली एक साथ नजर आए। नामांकन सभा में प्रत्याशी उचियारड़ा ने मारवाड़ी में भाषण दिया, जिसके सभी नेता मुरीद हो गए। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने यहां तक कह दिया कि भाषण में तो फटकारे मैं देता हूं, लेकिन इस बार करण सिंह ने मुझे पीछे छोड़ दिया। डोटासरा ने कहा कि गजेंद्र सिंह शेखावत मेरे शेखावाटी के भाई हैं, उन्हें वापस शेखावाटी भेज दो, वहां बहुत सारे काम हैं। वो मेरे जिले के रहने वाले हैं। करण सिंह ने उनकी पोल खोल कर रख दी है, इसलिए मेरे भाई को वापस शेखावाटी भेज दो।

### गहलोत बोले - मेरे पहले चुनाव जैसी सभा

कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा की नामांकन सभा में पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि आज जो उत्साह यहां नजर आ रहा है, ऐसा ही उत्साह था जब मैने लोकसभा का पहला चुनाव लड़ा था तब नजर आया था। आज वही दृश्य यहां देखने को मिल रहा है। गहलोत ने कहा कि हम सबने मिलकर एक मजबूत उम्मीदवार आपको दिया है। इन्होंने जो भी कहा है दिल से कहा है। ऐसे आदमी का साथ देकर जिताना है।

**पुलिस अधिकारियों की ली बैठक**

# मतदान के लिए स्वतंत्र व भयमुक्त वातावरण देना पुलिस की जिम्मेदारी: पंत



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि चुनाव के समय मतदाता को मतदान के लिए स्वतंत्र व भयमुक्त वातावरण देना पुलिस विभाग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मतदाता बिना किसी दबाव, लालच और डर के सुविधापूर्वक मतदान करें, इसके लिए पुलिस विभाग विशेष सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने चुनावों को प्रभावित करने की मंशा रखने वाले तथा आमजन में भय के वातावरण का निर्माण करने वाले अपराधियों की पहचान कर उनपर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के दौरान पुलिस विभाग द्वारा जब्ती की कार्रवाई, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अवैध पदार्थों की तस्करी, कानून व्यवस्था, अंतरराज्यीय तथा विभिन्न कुख्यात सगठनों पर कार्रवाई, सामुदायिक व जातीय हिंसा की घटनाओं सहित लोकसभा चुनावों से सम्बंधित सभी आवश्यक विषयों पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग के साथ प्रस्तावित बैठक की तैयरियों की भी समीक्षा की। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनावों को संपन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा संवेदनशील इलाकों में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है तथा पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय बनाकर सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी रखी जा रही है।

**सांस में तकलीफ होने पर SMS में कराया भर्ती**

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता की तबीयत बिगड़ी

**जयपुर**। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सीनियर आईएएस प्रवीण गुप्ता की मंगलवार को तबीयत बिगड़ गई। इस पर उन्हें इलाज के लिए उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों के अनुसार गुप्ता को सांस में तकलीफ की शिकायत के बाद उनके निजी गार्ड यहां लेकर पहुंचे। जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट के डॉक्टरों ने गुप्ता का इलाज शुरू किया है। प्रारंभिक तौर पर उनकी ईसीजी, चेस्ट एक्स-रे और ब्लड की कुछ रुटिन जांचें करवाई है। इनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे का ट्रीटमेंट दिया जाएगा। बता दें कि राजस्थान में विधानसभा के चुनाव के दौरान भी प्रवीण गुप्ता



की तबीयत खराब हो गई थी। उस समय उन्हें खाना खाने के दौरान सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी और वह बेहोश हो गए थे। इस पर सुरक्षा गार्डों और घर के दूसरे सदस्यों ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया था। ईसीजी, ब्लड की जांच और एक्स-रे करवाने के बाद उन्हें मेडिकल आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। इसके बाद उन्हें होश आ गया और कुछ घंटे इलाज के बाद उनको डिस्चार्ज कर दिया गया।

**पाली में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष आयोजित सभा में बोले पूर्व सीएम गहलोत**

# ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई के जरिए विपक्ष को डरा रही है भाजपा

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेताओं ने झूठ फैलाकर राजस्थान की जनता को गुमराह किया, जिससे कांग्रेस की सरकार नहीं बन सकी।

तानाशाह मोदी सरकार ने देश के दो-दो मुख्यमंत्री को जेल में बंद कर रखा है। अमेरिका, जर्मनी जैसे देश इस पर टिप्पणी कर चुके हैं। देश में मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है और बाबा साहेब के संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। आजादी के बाद पहली बार देश में ऐसा माहौल बना कि बीजेपी जीती तो चुनाव देश में होंगे या नहीं, यह माहौल बनना ही खतरनाक है। ईडी, इनकम टेक्स, सीबीआई के जरिए भाजपा विपक्ष को डरा रही है। गहलोत मंगलवार शाम पाली के अणुव्रत नगर मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल को जिताने की अपील की। सभा में सीएम के अलावा राजस्थान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा सहित कई स्टार प्रचारक पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में समर्थकों की फरमाइश पर कांग्रेस नेता गोविंदसिंह डोटासरा मारा तेजल सुपर डूपर गीत पर समर्थकों के साथ झूमे।



### कालेधन को सफेद करने के लिए की नोट बंदी

इस दौरान कांग्रेस नेता डोटासरा ने कहा कांग्रेस के कार्यकाल में देश प्रगति के पथ पर अग्रसर था। मनरेगा में लोगों को रोजगार मिल रहा था। खाद्य सुरक्षा में लाखों लोगों को निशुल्क गेंहू देना शुरू किया, लेकिन भाजपा ने देश को अंधकार में ले जाने का काम किया। नोट बंदी से किसी को फायदा नहीं हुआ। कालेधन को सफेद धन में बदलने के लिए नोट बंदी की। जीएसटी से व्यापारी परेशान हैं और देश में महंगाई बढ़ी है। इलेक्ट्रोन ब्रॉड के जरिए भाजपा ने बड़ा खेल खेला। देश में बेरोजगारी बढ़ी। भाजपा की सरकार तानाशाह सरकार है, जिसके जाने का अब वक्त आ गया है। कार्यक्रम को राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल की नामांकन सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पाली विधायक भीमराज भाटी, भोपालगढ़ विधायक गीता बरवड, मनीषा पंवार, पीसीसी महासचिव भूराराम सीरवी, शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मुन्नीदेवी गोदारा, दिव्या मदेरणा, खुशवीरसिंह जोजावर सहित कई नेता मौजूद रहे।

### भाजपा की वॉशिंग मशीन में सब दाग धुल जाते हैं

अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा के पास ऐसी वॉशिंग मशीन है कि दूसरी पार्टियों के लोग उनमें शामिल हो जाते है तो उनके सादे दाग धूल जाते हैं। फिर उन्हें ईडी, इनकम टेक्स और सीआईडी का डर नहीं सताता।

**पीपी बोलने के लिए होता है वोट देने के लिए नहीं:** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने पाली से भाजपा प्रत्याशी पीपी चौधरी पर तंज सकते हुए कहा कि पीपी तो बोलने के लिए होता है, वोट देने के लिए नहीं। इसलिए पाली लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए संगीता बेनीवाल को जीताकर संसद में पहुंचाए।

## एक नजर

### वॉकथॉन से मतदाताओं को किया जागरूक



**सीकर।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता के तहत मंगलवार को जिले में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत एसके स्कूल खेल ग्राउंड से जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, जिला परिषद सीईओ नरेंद्र पुरोहित सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर की। वॉकथॉन बजरंग कांटा, दो नंबर डिस्पेंसरी, सूरजपोल गेट, जाट बाजार, कल्याण सर्किल होते हुए वापस एसके स्कूल के खेल ग्राउंड पर पहुंची।

### कांग्रेस नेता अमीन पठान की जमानत अर्जी मंजूर

**कोटा।** कांग्रेस के महासचिव व आरसीए के पूर्व उपाध्यक्ष अमीन पठान की जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली है। पठान के वकील ने हरीश शर्मा ने बताया कि एफआईआर में मारपीट का आरोप नहीं था, राज कार्य मे बाधा जैसी भी कोई बात नहीं थी। शिकायत कर्ता का कहना था कि काम खत्म होने के बाद बाहर निकले तब अमीन पठान मिला था। जबकि पुलिस ने मारपीट व राजकार्य की धारा लगा रखी थी। कोर्ट में पुलिस की ओर से 18 पुराने मामले दिखाए गए थे। इनमें से एक भी मामला कोर्ट में पेंडिंग नहीं था, सभी मामले डिस्पोजल हो चुके। रही बात गाली गलौज की उन धाराओं में जमानत का प्रावधान है। ऐसे में कोर्ट से अमीन पठान को जमानत मिल गई।

### पावर लिफ्टिंग में खिलाड़ियों ने जीते तीन मेडल



**बांदीकुई।** राजस्थान स्टेर पावर लिफ्टिंग द्वारा भीलवाडा में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें फाल्कन फिटनेस के तीन खिलाड़ियों ने मेडल जीते हैं। इसमें 83 किलो भार वर्ग सब जूनियर में विक्रम गुर्जर ने गॉल्ड मेडल जीता। वहीं 59 किलो भार वर्ग जूनियर वर्ग में कमल सैनी ने सिल्वर मैडल और सिनीयर वर्ग ब्रॉन्च में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इसके अलावा निखिल भारसर, मोहित मीरवाल, प्रदीप मीरवाल, सचिन सैनी ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके बाद बांदीकुई पहुंचने पर फालकन फिटनेस के कोच जितेंद्र सैनी, विश्राम बैरवा व अन्य सदस्यों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

---

**प्यासे कंठों की पुकार:** चकराम नगर गांव के लोगों को पानी के लिए जाना पड़ रहा दो किलोमीटर दूर

## पेयजल को तरस रहे ग्रामीण, अब चुनाव में नहीं डालेंगे वोट

**हिलव्यू समाचार**

**भरतपुर।** जिले के संभाग मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर स्थित चकराम नगर गांव के ग्रामीण पिछले पांच साल से पेयजल की किल्लत से परेशान हैं। हालात ये हैं कि गांव के महिला-पुरुष और बच्चों को दो किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। इतना कुछ होने के बावजूद प्यासे ग्रामीणों की प्रशासन और सरकार में कोई सुनवाई नहीं हुई। अब ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया है। ऐसे में ग्रामीणों ने अब लोकसभा चुनाव में मतदान के बहिष्कार का ऐलान किया है। ग्रामीणों ने का कहना है



कि सैकड़ों लोग पिछले 5 साल से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। गांव में पीने का पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर स्थानीय नेता, अधिकारी, यहां तक की मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यालय तक का दरवाजा खटखटा चुके हैं। चुनावों में नेता आते हैं और समस्या के समाधान का वादा करके चले जाते हैं, लेकिन जीतने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा। गांव में अधिकांश परिवार गरीब और मजदूरी करने वाले हैं। हालात इतने बदतर हैं कि ग्रामीण महिला, पुरुष और बच्चे सिर पर मटका रखकर 2 किमी दूर से पानी भरकर लाते हैं। अब ग्रामीणों ने घोषणा की है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे और कोई ग्रामीण वोट डालने नहीं जाएगा। वहीं, इस मामले में जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि इस संबंध में ग्रामीणों ने कोई संपर्क नहीं किया है। पूरा मामला क्या है, इसके बारे में पता करवाया जाएगा। गांव के महेंद्र सिंह के अनुसार गांव में बीते 5 साल से पानी की समस्या बनी हुई है। पहले यहां चंबल का पानी आता था, लेकिन पाइप में लीकेज होने की वजह से चंबल के पानी की सप्लाई बंद कर दी गई। आरोप है कि उसे अब तक ठीक कर सप्लाई शुरू नहीं की गई है। वहीं, गांव के ही विनीत भारद्वाज ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना में गांव के पास के गांवों को शामिल किया गया है, लेकिन चकराम नगर गांव को इस योजना में शामिल नहीं किया गया।

### चुनाव जीतने के बाद कोई सुध लेने नहीं आता

ग्रामीण महेंद्र सिंह ने बताया कि चुनाव के समय पर नेता वोट मांगने गांव में आते हैं। स्थानीय लोग जब नेताओं को पानी की समस्या बताते हैं, तो वे चुनाव जीतने के बाद समाधान करने का आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई नेता गांव में नहीं आता न ही पानी की समस्या का समाधान करते हैं। गांव में पानी की समस्या को लेकर कई बार नेताओं, अधिकारियों और यहां तक की कलेक्टर तक को ज्ञापन दिया है। बीते दिनों भरतपुर में स्थित मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यालय में भी ज्ञापन देकर आए हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में करीब 550 मतदाता हैं। पूरे गांव ने एकजुट होकर यह निश्चय किया है कि यदि इस बार पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो पूरा गांव चुनाव का बहिष्कार करेगा और मतदान करने नहीं जाएगा।

### पानी की समस्या से दिनचर्या प्रभावित

ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि पीने के पानी के लिए हर दिन 2 किलोमीटर दूर तक सिर पर मटका रखकर जाना पड़ता है। पानी की कमी की वजह से परिवार के लोग दैनिक दिनचर्या नहीं कर पाते। महिलाएं पानी के लिए सुबह जल्दी जागती हैं और पानी भरकर लाती हैं। इसके बाद मजदूरी करने जाती हैं। कई बार तो पानी की व्यवस्था करने में मजदूरी छूट जाती है। ऐसे में ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लोग पहले पानी का जुगाड़ करने में लगते हैं, बाद में कमाई-धंधे के बारे में सोचते हैं।

---

**गहलोत और पायलट ने** मोदी सरकार पर साधा निशाना

## झूठ से माहौल बनाते हैं भाजपा नेता, जनता अब सब जान चुकी

**हिलव्यू समाचार**

**जोधपुर।** लोकसभा चुनाव प्रचार अब परवान चढ़ने लगा है। इसके तहत भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां जनता के बीच जाकर अपनी-अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटी हुई हैं। ऐसे में अब नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है।

मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। दोनों नेताओं ने इस बार प्रदेश में कांग्रेस की पहले से ज्यादा सीटे आने का दावा करते हुए भाजपा को आड़े हाथ लिया। जोधपुर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर जुबानी हमला बोला।

उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की सभाएं राजस्थान में फेल हो रही हैं। वो सिर्फ रोड शो कर रहे है। गहलोत ने कहा कि शाह लगातार झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के नेताओं ने झूठ बोलकर माहौल बनाया था। पूर्व सीएम गहलोत जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी करण सिंह के नामांकन सभा में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा नेताओं ने प्रदेश में हर बात को लेकर झूठ बोला था। भले ही वो कन्हैयालाल मामला हो या फिर किसी को मुआवजा देने का मामला। अब इनको जवाब देना चाहिए कि उस वक्त क्या कहा और अब क्या हालात हैं? गहलोत ने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 3 महीने से सरकार रिमोट से चल रही है।





### कांग्रेस और इंडी गठबंधन का रहेगा बेहतर प्रदर्शन

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का कहना है कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडी गठबंधन बेहतर प्रदर्शन के साथ प्रदेश में अधिकांश सीटों पर जीत हासिल करेगी। मंगलवार को जोधपुर आए पायलट एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की भी जमकर आलोचना की। पायलट ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में हम राजस्थान में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, लेकिन अब राजस्थान में लोग भाजपा की कारगुजारियों को समझ गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने पार्टी स्तर पर अपना रोड मैप तैयार किया है। जिन राज्यों में पिछली बार भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया, वहां इस बार हम बराबरी पर खड़े हैं। प्रदेश में जिस तरह से हमारा कैंपेन चल रहा है, उम्मीद है कि मुद्दों पर चुनाव लड़ा जाएगा तो बेहतर परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि तरह के मौजूदा हालात है, उनको देखते हुए जनता बीजेपी को आइना दिखाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से आमजन परेशान है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। देश के निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है, यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। पायलट ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र 5 अप्रैल को लांच होगा। हमारे प्रत्याशी सभी सीटों पर मजबूत है।

### मोदी सरकार ने जनता से की वादा खिलाफी

पूर्व डिप्टी सीएम पायलट ने कहा कि दस साल मोदी सरकार ने जनता से वादा खिलाफी की है। मोदी सरकार की वादा खिलाफी की बात जनता तक पहुंचानी है। भाजपा की ओर से लगाए जा रहे परिवारवाद के आरोप पर पायलट ने कहा कि चुनाव में बहुत सारी बातें होगी, लेकिन हमें सिर्फ 10 साल की मोदी सरकार की वादा खिलाफी की बात जनता तक पहुंचानी है। जोधपुर एयरपोर्ट पर पायलट और कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र रंधावा का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

### पेपरलीक मामले में होनी चाहिए कार्रवाई

प्रदेश में भाजपा सरकार की ओर से पेपर लीक मामले में की जा रही कार्रवाई के सवाल पर पायलट ने कहा कि कार्रवाई होनी चाहिए। कानून से ऊपर कोई नहीं होना चाहिए। युवाओं के साथ कुठाराघात करने वाले को नहीं बख्शा जाना चाहिए, लेकिन जो भी कार्रवाई हो वह पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए।

---

**दीगोद थाना इलाके में** हुआ हादसा


## सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर, दो की मौत

**हिलव्यू समाचार**

**कोटा।** जिले के दीगोद थाना इलाके में मंगलवार तड़के भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार स्टेट हाईवे पर खराब हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी थी। तेज गति से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी।

हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। इनमें एक अन्य की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं तीसरे घायल का कोटा के एमबीएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। दीगोद थानाधिकारी रणजीत सिंह का कहना है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार तीनों लोग उछलकर 30 फीट आगे जा गिरे।

वहीं ट्रैक्टर ट्रॉली भी खाई में गिर गई। टक्कर के बाद बेकाबू हुआ ट्रक 30 फीट आगे गिरे तीनों लोगों को कुचलता हुआ गड्ढे में जो गिरा। दीगोद थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि इटावा थाना इलाके के मुरली गांव से किसान ट्रैक्टर ट्रॉली में मेथी और चने की फसल भरकर कोटा मंडी में बेचने



के लिए जा रहे थे। कंवरपुरा में सोमवार देर रात ट्रैक्टर खराब हो गया। ऐसे में चालक और उसमें सवार अन्य दो लोगों ने इसे साइड में खड़ा कर दिया और उसी में सो गए। इसके बाद मंगलवार तड़के करीब 3:15 बजे पीछे से जा रहे सरसों की बोरियों से भरे ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी।

मौके से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना 3:30 बजे पुलिस को दी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में मंडला गांव निवासी धर्मराज गुर्जर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, जुगराज मीणा ने भी उपचार के दौरान मंगलवार दोपहर में दम तोड़ दिया।

---

**कंटालिया की सानिया सुजैन की** गार्सेटी से मुलाकात

## भारत में अमेरिकी राजदूत को पाली के कंटालिया गांव आने का दिया निमंत्रण

**हिलव्यू समाचार**

**पाली।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी को पाली जिले के कंटालिया क्षेत्र का दौरा करने का निमंत्रण दिया गया हैं। ये निमंत्रण पाली जिले के कंटालिया गांव निवासी सानिया सुजैन कंटालिया ने नई दिल्ली में राजदूत के स्थानीय आवास चीफ ऑफ मिशन रेजिडेंस पर मुलाकात के दौरान दिया हैं।

राजदूत के आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान सानिया सुजैन कंटालिया ने एरिक गार्सेटी को कंटालिया क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी भी दी। एरिक



गार्सेटी ने भी सानिया सुजैन के साथ भारतीय लोकतंत्र और सभी धर्मो की समावेशी विरासत और त्योहारों की खूबसूरती पर बातचीत की। इस दौरान अमेरिकी राजदूत ने अपने आवास पर रखे सभी धर्मो के पवित्र धर्म ग्रंथो की प्रतियां भी दिखाई। चीफ ऑफ मिशन रेजिडेंस पर रोजा इफ्तार का कार्यक्रम भी रखा गया। इसमे देश की कुछ चुनिंदा हस्तियों को आमंत्रित किया गया था। सानिया सुजैन कंटालिया दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्विद्यालय के विदेशी भाषा विभाग में अध्यनरत है।

---

**तीन आरोपी गिरफ्तार,** कई वारदातों को दिया अंजाम

## वाहनों से माल चुराने वाले गिरोह का खुलासा

**हिलव्यू समाचार**

**झालावाड़।** जिले की बकानी थाना पुलिस ने रात में रोड से गुजर रहे वाहनों का पीछा कर ब्रेकर या घाटी में धीमें होने पर उस पर चढ़कर जिंस चुराने वाले गिरोह का खुलासा किया है।

पुलिस ने गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त एक ओमनी कार जब्त की है। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि सोमवार देर रात गश्त के दौरान एक ओमनी कार मे बैठे तीन व्यक्तियों को डिटेन किया गया था। एसपी तोमर ने बताया कि डिटेन किए गए जाकिर (53) पुत्र सुलेमान, शोयब (25) पुत्र



शाकिर एवं फिरोज (29) पुत्र चांद मोहम्मद थाना बकानी क्षेत्र के रिछवा निवासी है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनके गिरोह के व्यक्ति मारुति वेन में बैठ रात के समय एमपी के माचलपुर, सोयत जीरापुर व झालावाड़ के अकलेरा व मनोहर घाटी से आने जाने वाले जिंस वाहनों का पीछा करते थे।

ब्रेकर या घाटी पर जब कोई वाहन धीमा होता तो इनका एक साथी चलती गाड़ी के पीछे चढ कर तिरपाल काट जिंस रोड पर फेंक देता था, जिसे पीछे चल रहे आरोपी पार कर लेते हैं। आरोपियों ने कई स्थानों पर वाहनों से जिंस चोरी करना और एक बार भी पुलिस की पकड़ में नहीं आना भी बताया। आरोपियों से थाना पुलिस पूछताछ कर रही है।

---

**कलेक्टर-एसपी ने मंदिर परिसर का किया निरीक्षण**

## जीण माता मेले में सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

**हिलव्यू समाचार**

**सीकर।** जिले में जीणमाता का चैत्र नवरात्रि मेला 9 अप्रैल से शुरू होगा, जो 17 अप्रैल तक चलेगा। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर सीकर कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी और एसपी भुवन भूषण यादव ने मंगलवार को जीणमाता मंदिर पहुंचकर निरीक्षण किया।

उन्होंने मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में विभिन्न अधिकारियों की अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम गोविंद भींचर ने बताया कि मंदिर कमेटी की ओर से वर्तमान में 60 कैमरे लगे हुए हैं। 15 कैमरे एंट्री गेट से लेकर मंदिर परिसर और



लगाए जाएंगे। इसके अलावा ग्राम पंचायत की तरफ से मेले के दौरान 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। एसडीएम ने मंदिर कमेटी को निर्देशित किया कि वर्तमान में जो मंदिर कमेटी की तरफ से जो कैमरे लगे हुए हैं वह पुराने हैं। ऐसे में मेले से पहले उन कैमरों की जगह एचडी कैमरे लगाए जाएंगे। एसडीएम ने कहा कि मेले के दौरान दो कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। एक कंट्रोल रूम पुलिस थाना और दूसरा कंट्रोल रूम मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय में बनेगा। यहां सीसीटीवी कैमरा की लाइव फीड भी रहेगी, जिससे कि पूरे मेले पर नजर रखी जा सकें।

### जर्जर धर्मशालाओं को सीज करने के आदेश

एसडीएम ने कहा कि बीते दिनों पीडब्ल्यूडी और वन विभाग की ओर से संयुक्त रूप से सर्वे किया गया, जिसमें सामने आया कि तीन से चार धर्मशाला पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। ऐसे में मेले से पहले ही उन्हें सीज कर दिया जाएगा। मेले के दौरान हर्ष से जीणमाता की तरफ आने वाले रास्ते पर खड़े वाहनों को हटाने के लिए 3 क्रेन की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि कोछोर से डूकिया तक सड़क का जो काम बाकी है उसे 10 दिन में पूरा करें। इसके साथ ही अन्य सड़कों का भी पेचवर्क जल्द से जल्द किया जाए।

### बिजली-पानी की दुरुस्त हो व्यवस्था

कलेक्टर ने बीते दिनों उज्जैन के महाकाल मंदिर में हुए हादसे का उदाहरण देते हुए कहा कि मंदिर परिसर में जो भी पुराने तार या खुले तार है उनकी बिजली विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से संयुक्त रूप से चेकिंग की जाए। इसकी रिपोर्ट बुधवार शाम तक तैयार की जाए, जिससे कि मेले के पहले उन्हें बदला जा सकें। इसके अतिरिक्त बैठक में पीएचईडी को निर्देश दिए गए हैं कि मेले के दौरान पानी की कमी नहीं रहे। मंदिर कमेटी ने जो नए कनेक्शन मांगे हैं उन्हें जल्द से जल्द दिए जाए। ऐसा ना हो कि मेले के दौरान पानी की कमी होने पर विभाग के लोगों को ढूंढना पड़े। बैठक के दौरान मौजूद लोगों ने मांग रखी कि काजल शिखर पर भी एक मेडिकल कैंप लगाया जाए। इसके अलावा मेले के दौरान आने वाली नेटवर्क की समस्या को दूर करने के लिए टॉवर लगाए जाए।

---

**आचार संहिता उल्लंघन पर की कार्रवाई**

## शेखावत की नामांकन में गए डॉक्टर पर गिरी गाज

**हिलव्यू समाचार**

**धौलपुर।** जिले के सरकारी जिला अस्पताल के चिकित्सक और पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरवीर सिकरवार को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निलम्बित कर दिया है। उन पर आरोप था कि वे केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के नामांकन में शामिल होने जोधपुर गए थे। शेखावत के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनके निलंबन की कार्रवाई की। डॉक्टर का वायरल हो रहा फोटो चार दिन पुराना बताया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीनिधि विटी ने बताया कि जिला अस्पताल के पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी व चिकित्सक डॉ. समरवीर सिकरवार का केंद्रीय मंत्री के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुआ था। इसकी शिकायत जिला निर्वाचन आयोग को मिली थी। प्रारंभिक जांच में मामला आदर्श आचार संहिता की अवहेलना का पाया गया है। इस पर चुनाव आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक डॉ. सिकरवार को निलंबित किया गया है।

उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आंकड़ों को गलत साबित किया

# नमो एप के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए पीएम मोदी बोले- आप जो जानते हैं, वह बड़े-बड़े विशेषज्ञ भी नहीं जान पाते

लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, आपकी मेहनत से नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। आपका उत्साह देखकर मुझे खुशी होती है। मुझे पूरा विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के सभी भाजपा कार्यकर्ता सभी बूथों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नमो एप के जरिए उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं से पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने देश के राजनीतिक विशेषज्ञों को हमेशा गलत साबित किया है। यहां के भाजपा कार्यकर्ता जो जानते हैं वह बड़े-बड़े विशेषज्ञ भी भांप नहीं पाते हैं। लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, आपकी मेहनत से नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। आपका उत्साह देखकर मुझे खुशी होती है, लेकिन इसे देखकर अन्य दलों के नेताओं के पैर ठंडे पड़ जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है यूपी के सभी भाजपा कार्यकर्ता सभी बूथों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

आप सभी (भाजपा कार्यकर्ता) वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं, तो वह आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं, तो उन्हें लगता है कि ये मोदी बता रहे हैं। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं, तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गारंटी में ताकत है, इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं।

आपका उत्साह देखकर अन्य दलों के पैर ठंडे पड़ रहे

गारंटी में बड़ी ताकत है और आप पर जनता का भरोसा

### जनता खुद आगे बढ़कर चुनाव लड़ रही




**फिर एक बार मोदी सरकार**

पीएम ने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करूंगा की अपने स्वास्थ्य की चिंता जरूर करना। पानी जरूर पीना। जितना अपना स्वास्थ्य संभालेंगे, मेहनत उतना ही सुविधाजनक होगा। आपजहां भी जा रहे होंगे, जनता विकास की बात करती होगी। लोगों में जब सरकार के कामकाज को लेकर विश्वास हो जाता है, तो चुनाव नेता नहीं, जनता खुद आगे बढ़कर लड़ती है। इस बार जनता ने हर जगह यही संदेश दिया है- फिर एक बार मोदी सरकार।

### परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे

उन्होंने कहा कि चाचा-भतीजा परिवार से यूपी का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है। इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। यूपी के लोग किसी स्वार्थ की वजह से नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और हमेशा उस भावना से बंधे रहते हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में आप सभी का प्रयास होना चाहिए कि आपके काम या व्यवहार से किसी को ठेस ना पहुंचे।पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान आप सिर्फ पार्टी का प्रचार ही नहीं करते, बल्कि पार्टी की संस्कृति और संस्कारों को भी लोगों तक ले जाते हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि भाजपा के विचारों के साथ-साथ अपनी विनम्रता से भी वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश करें।

## मायावती ने जारी की बसपा की तीसरी लिस्ट

**लखनऊ।** मायावती ने लोकसभा चुनाव के लिए यूपी के प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 12 प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। मथुरा से टिकट बदल दिया गया है। इससे पहले बसपा 25 प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। इस तरह बसपा यूपी की 80 में से अब तक 36 नामों का ऐलान कर चुकी है। पिछले हफ्ते बसपा ने कुछ घंटे के अंतराल पर यूपी के लिए दो लिस्ट जारी की थी। पहली सूची में 16 लोगों के नाम थे जबकि दूसरी सूची में 9 लोगों के नामों का ऐलान किया गया था। नौ लोगों में 4 एससी, 2 ब्राह्मण और 3 ओबीसी को प्रत्याशी बनाया गया था। बसपा की पहली सूची में 16 नामों का ऐलान किया गया था। इसमें सात मुस्लिम चेहरे थे। दूसरी सूची में कोई मुस्लिम नहीं था। बुधवार को तीसरी सूची में दो मुस्लिम प्रत्याशियों पर दांव लगाया गया है।



कश्मीर में भी टूटा इंडि गठबंधन

## तीनों सीटों पर नेकां उतारेगी प्रत्याशी: महबूबा मुफ्ती

इंडि गठबंधन को एक और झटका लगता दिख रहा है। सीएम ममता बेनर्जी ने अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। अब जम्मू-कश्मीर में भी गठबंधन अंतिम सांसें गिनती दिख रही है।पीडीपी चीफ और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पीडीपी के पास कश्मीर की तीनों लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़े करने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हाल में ऐलान किया था कि वह सभी तीनों सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। मुफ्ती नेकहा, हमारे लिए उम्मीदवार खड़ा करने और चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है।



## वृद्ध, निःशक्त एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और निःशक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। छत्तीसगढ़ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने मंगलवार की देर शाम को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका पूर्णतः पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।





### व्हील चेयर की उपलब्धता होगी

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क होनी चाहिए। मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए।

गृहमंत्री शाह ने मुजफ्फरनगर में विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

## योगी सरकार में पलायन कर रहे गुंडे, इंडि गठबंधन के लोग 12 लाख करोड़ घोटाले के आरोपी



देश भर में लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के चुनावी दौरे जारी हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कहा कि योगी सरकार आई तो पलायन रुका, गुंडे पलायन करने लगे हैं। उन्होंने जनता का संबोधित करते हुए भाजपा के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि जिस भूमि से चौधरी चरण सिंह ने किसानों की आवाज बुलंद की थी उनको नमन। ये चुनाव मोदी जी के तीसरी बार पीएम बनाने का चुनाव है। गुड़ गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाई गई। कांग्रेस के वक्त गन्ने का रेट 210 रुपए प्रति क्विंटल था। आज 340 रुपए प्रति क्विंटल है। शाह ने कहा कि हमारी सरकार में 20 चीनी मिल खुली हैं. ।नई ईथेनॉल नीति लाई गई है। ये किसानों के लिए है। कश्मीर हमारा है या नहीं। धारा 370 हटनी चाहिए थे या नहीं। धारा 370 को खत्म कर भारत को जोड़ने का काम किया।

**भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे**

शाह ने कहा कि मैं पश्चिमी यूपी का 2014 में यूपी प्रभारी था। तब पलायन था. 2017 में योगी सरकार आई तो पलायन रुका, गुंडे पलायन करने लगे हैं। शाह ने कहा कि यह गठबंधन जो हुआ है। 12 लाख करोड़ घोटाले के आरोपी हैं। मोदी की उस दिन की रैली भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के लिए संदेश है। जिन्होंने भ्रष्टाचार किया उन्हें जेल में डालना चाहिए। पीएम मोदी का मकसद किसानों को मजबूत करना है। शाह ने जनता से संजीव बालयान को जिताने की अपील की।

कांग्रेस को अलविदा कहेंगे निरुपम

### आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में करेंगे बड़ा ऐलान

लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में शीट शेयरिंग को लेकर महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों में घमासान मचा हुआ है। राज्य में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। पहले मिलिंद देवड़ा ने पार्टी छोड़ी और फिर अशोक च्वहाण और फिर कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल की बहू भाजपामें शामिल हो गए और अब मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम भी पार्टी छोड़ने की तैयारी में हैं। निरुपम कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मुंबई उत्तर पश्चिम सीट पर चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन शिवसेना यूबीटी ने यहां से अमोल कीर्तिकर को अपना उम्मीदवार बना दिया जिससे निरुपम भड़क गए। निरूपम गुरुवार को बड़ा ऐलान करेंगे।



## चाचा-भतीजा की फाइट खत्म! चिराग के लिए अब वोट मांगेंगे पारस

**पटना।** बिहार में हाई प्रोफाइल चाचा-भतीजे का झगड़ा खत्म हो गया। माना जा रहा है कि पशुपति पारस की भाजपा से डील हो गई। अब हाजीपुर में चिराग के लिए पारस वोट मांगेंगे। इससे पहले पशुपति पारस हाजीपुर से ताल ठोकने की बात करते थे। अब बिहार एनडीए को सभी 40 सीटें जीतने के लिए पसीना बहाने की बात करने लगे। बिहार एनडीए में सीट बंटवारे के दौरान पारस के हाथ एक भी सीट नहीं आई थी, जिससे नाराज होकर उन्होंने मोदी मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया और बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बुरा-भला कहा था। मगर, अब ऑल इज वेल की बात करने लगे।

**बिहार की सियासत**



### चिराग के लिए प्रचार करेंगे पारस

पशुपति पारस के सुर बदल गए हैं। पीएम मोदी की प्रशंसा करने के साथ ही अपने सबसे बड़े राजनीतिक दुश्मन चिराग पासवान को समर्थन देने को तैयार हो गए। पशुपति कुमार पारस ने मीडिया से कहा कि हमारी पार्टी का फैसला है 40 की 40 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए एनडीए के समर्थन में तन मन धन से काम करेगी। चुनाव में जहां जरूरत होगी, वहां जाऊंगा।

**खबर संक्षेप**

### सांसद पाठक को जान से मारने की धमकी मिली



**कन्नौज।** अखिलेश यादव की राजनीति का गढ़ समझे जाने वाले कन्नौज में खुले मंच से धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। सपा मुखिया लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कन्नौज में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। सपा नेता ने मंच से ही भाजपा सांसद सुब्रत पाठक को धमकी दी। नेता ने कहा कि मां की कसम खाता हूं कि तेरे टुकड़े न किए तो मेरा नाम मनोज दीक्षित नहीं। केस दर्ज कर लिया गया है।

### सहकारिता विभाग का संयुक्त रजिस्ट्रार अरेस्ट



**चंडीगढ़।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने भ्रष्टाचार के आरोप में सहकारिता विभाग के संयुक्त रजिस्ट्रार नरेश कुमार गोयल को पंचकूला से गिरफ्तार किया है। सहकारिता विभाग के उजागर हुए करोड़ों के घोटाले में आरोपी की संलिप्तता के चलते एसीबी की टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। बताया जा रहा है कि मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

### सुशील मोदी को कैंसर पीएम को बता दिया



**पटना।** बिहार में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी इस बार लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए कुछ नहीं कर पाएंगे, इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर दी है। सुशील ने एक्स पर लिखा है कि पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लोगों को बताने का समय आ गया है। पीएम को सब कुछ बता दिया है। पार्टी का सदैव आभार।

## सीएम के पक्ष में अभिषेक मनु सिंघवी ने दी दलीलें

दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामला

# आपने केजरीवाल को सीधा आरोपी बना दिया, कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

## दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता की अध्यक्षता वाली बेंच ने की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को सुनवाई के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच कर रही है। ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने अभियान के वेंडर्स को दिए गए सभी बड़े भुगतान कैश में किए थे। इसकी जानकारी पासबुक में भी नहीं है। ईडी ने कहा कि हमारे पास वॉट्सएप चैट और हवाला ऑपरेटरों के बयान हैं।



### केजरीवाल के वकील की दलीलें

केजरीवाल के अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि जांच एजेंसी के पास उनके मुवक्किल के खिलाफ कोई ठोस सुबूत नहीं। चुनाव से दूर रखने के लिए गिरफ्तारी की गई है। ईडी के सभी समन गैरकानूनी हैं। ईडी ने लिखित में कुछ भी नहीं दिया। पहला वोट पड़ने से पहले ही उनकी पार्टी को कई हिस्सों में तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अपमानित करना और बेइज्जती करना ही एकमात्र उद्देश्य है। गिरफ्तारी का असली उद्देश्य मुझे अक्षम करना है। ईडी के रिमांड आवेदन में कहा गया है कि वह पूरी साजिश में मुख्यमंत्री की भूमिका का पता लगाना चाहती है। ये गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता है।

### ईडी की ओर से एएसजी राजू ने दी चुनौती

एएसजी एसवी राजू ईडी की ओर से दलीलें पेश किया। राजू ने केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई के भी पेश होने पर आपत्ति जताई।राजू ने कहा दो वकील बहस नहीं कर सकते। कोई भी आम आदमी एक से अधिक वकील का हकदार नहीं है। आप अमीर हो सकते हैं। आपके पास दो वकील नहीं हो सकते।

### केजरीवाल का आईफोन अनलॉक नहीं हुआ

ईडी केजरीवाल का फोन नहीं खोल पा रही हैं। उन्होंने फोन का पासवर्ड नहीं दिए, ऐसे में जांच में परेशानी हो रही है। ईडी ने फोन में मौजूद डेटा को एक्सेस करने के लिए मोबाइल कंपनी ऐपल से संपर्क किया और उनसे मदद मांगी थी। कैलिफोर्निया की टेक कंपनी ने केजरीवाल का फोन अनलॉक करने में ईडी की मदद करने से इनकार कर दिया है।

छग हाई कोर्ट की अहम टिप्पणी

### जजों को कोसना कुछ लोगों की आदत बन गई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने नेटिजन्स द्वारा जजों और वकीलों पर की जा रही अपमानजनक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हाई कोर्ट ने कहा कि जजों को कोसना कुछ लोगों की आदत बन गई है। कोर्ट ने हाल ही में मामलों की लाइव-स्ट्रीमिंग के माध्यम से कोर्ट की कार्यवाही तक सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने के लिए कदम उठाए हैं। जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की खंडपीठ ने कहा कि ऐसा मालूम होता है कि जजों को कोसना कुछ लोगों का पसंदीदा आदत बन गई है।

**मंत्री सिंह ने की बिजली क्षमता की समीक्षा**

## बिजली की मांग को पूरा करने जरूरी कदम उठाएं



**नई दिल्ली।** गर्मी के मौसम के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभागने उत्तर-पश्चिम, पूर्वोत्तर, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ अलग-अलग इलाकों को छोड़कर, देश भर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक होने का अनुमान लगाया है। बिजली की मांग भी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक होगी। सरकार बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने इसे सुनिश्चित करने के लिए शून्य लोड शेडिंग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

### सभी स्टेकहोल्डर अग्रिम योजना तैयार करें: मंत्रालय

विद्युत मंत्रालय ने बताया कि इस बात पर बल दिया गया कि सभी स्टेकहोल्डरों द्वारा पर्याप्त अग्रिम योजना बनाई जानी चाहिए, ताकि ऐसी स्थिति को रोका जा सके जिसमें एक राज्य के पास अधिशेष बिजली हो जबकि दूसरे राज्य को बिजली की कमी का सामना करना पड़े। सिंह ने बार-बार तापीय क्षमता की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आंशिक कटौती का सामना करने वाले सभी ताप विद्युत संयंत्रों की बिजली क्षमता की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान यह बताया गया कि आंशिक कटौती के तहत क्षमता की मात्रा में कमी आई है और उन्हें और कम करने के लिए उपाय सुझाए गए हैं।

49 सांसद 2 अप्रैल को रिटायर्ड

## धनखड़ ने 12 सदस्यों को पद गोपनीयता की दिलाई शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में राज्यसभा के 12 निर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। डॉ. एल मुरुगन, धर्मशीला गुप्ता, मनोज कुमार झा, संजय यादव, गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, सुभाष चंदर, हर्ष महाजन, जीसी चन्द्रशेखर, अशोक सिंह, चंद्रकांत हंडोरे, मेधा विश्राम कुलकर्णी और साधना सिंह शामिल हैं।शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नरायण सिंह और महासचिव पीसी मोदी भी उपस्थित थे। 54 सांसदों का



कार्यकाल इस वर्ष अप्रैल में खत्म हो रहा है। इनमें से 49 सांसद 2 अप्रैल को ही सदन से रिटायर हुए थे। मनमोहन सिंह सहित 5 सांसदों का कार्यकाल 3 अप्रैल समाप्त हुआ। 54 सांसदों में 9 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। सिंह 1991 में सबसे पहली बार असम से राज्यसभा पहुंचे थे। सिंह की जगह अब कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा पहुंचेंगी।

महाकुंभ 2025 को यादगार बनाने प्रदेश सरकार ने कमर कसी

## हो रहा रेनोवेशन, रोपवे और डिजिटल कुंभ म्यूजियम भी बन रहा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले वर्ष महाकुंभ 2025 लगने जा रहा है। इसे यादगार बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने कमर कस ली है।

संगम स्थल के साथ-साथ आसपास कई प्रमुख कार्यों का विकास पर्यटकों के लिए महाकुंभ को खास बना देगा। हनुमान मंदिर स्थली का व्यापक पैमाने पर रेनोवेशन किया जा रहा है, जबकि रोपवे परियोजना की भी जल्द शुरुआत होने जा रही है।साथ ही डिजिटल कुंभ म्यूजियम का भी निर्माण कार्य प्रस्तावित है। सरकार की ओर से इन सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगी सरकार करा रही कई कार्य

**जल्द शुरू होगा हनुमान मंदिर स्थल का कार्य**



शीर्ष समिति की बैठक में हनुमान मंदिर स्थली के निर्माण कार्य की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसकी कार्य की कार्यदायी संस्था प्रयागराज विकास प्राधिकरण है। कार्य की कुल लागत 45.71 करोड़ प्रस्तावित है। सेना द्वारा कार्य स्थल की वर्किंग परमिशन भी प्रदान की जा चुकी है और भूमि हस्तांतरित किए जाने के लिए एमओयू हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण होगी। पीडीए द्वारा कार्य अप्रैल में प्रारंभ किया जाएगा और नवम्बर में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

**श्रद्धालुओं की पहुंच और आसान होगी**

संगम तक श्रद्धालुओं की पहुंच को और आसान बनाने के लिए रोपवे का भी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। संगम के पास बांध पर शंकर विमान मंडपम से लेकर अरैल के त्रिवेणी पुष्प तक 1281.5 मीटर लंबे और 62 मीटर ऊंचे रोपवे प्रोजेक्ट को दिसंबर तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। सीवरेज, यूटिलिटी शिफ्टिंग, ट्री फेलिंग का कार्य प्रगति पर है।

### पौराणिक कथाओं की बनाई जाएगी गैलरी

अरैल मार्ग पर 40 हजार स्क्वायर मीटर के प्रस्तावित क्षेत्रफल में बनाए जा रहे डिजिटल कुंभ म्यूजियम पर भी कार्य शुरू हो गया है। वर्तमान में डिजिटल कुंभ म्यूजियम के लिए ईओआई को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा आमंत्रित किया गया है, जिसमें 2 बिडर ने योजना प्रस्तुत की है। डिजिटल कुंभ म्यूजियम में वीआर के माध्यम से अखाड़ों, समुद्र मंथन से संबंधित गैलरी का विकास, त्रिवेणी संगम गैलरी के साथ ही कुंभ के इतिहास और अध्यात्म को दर्शाती गैलरी का निर्माण किया जाएगा। पौराणिक गाथाओं से जुड़ी गैलरी, कुंभ मेला गैलरी का ऐतिहासिक विकास, मेला गैलरी, हरिद्वार-नासिक-उज्जैन कुंभ मेला गैलरी, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व गैलरी, 21वीं सदी में कुंभ मेला आदि का भी विकास किया जाएगा।



## अल्लू के बर्थडे पर आउट होगा पुष्पा 2 का टीजर

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन कुछ दिनों बाद अपना 42वां बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। इस मौके को और खास बनाने के लिए पुष्पा 2 की टीम फिल्म का दूसरा टीजर रिलीज करने जा रही है। मंगलवार को पुष्पा 2 के टीजर रिलीज की आधिकारिक घोषणा की गई है। फिल्म का नया पोस्टर रिलीज करने हुए मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। पुष्पा 2 का टीजर अल्लू अर्जुन के बर्थडे यानी 8 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्ट की बात करें, तो इसमें पैर में घुंघरू बांधे एक पैर को दिखाया गया है, जो पुष्पा राज का हो सकता है।

लाइफ Style

# सामंथा


## एटली की अपकमिंग मूवी में एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्या आप साउथ के तीन जाने-माने चेहरों की तिकड़ी को साथ में देखना चाहते हैं? ये तिकड़ी है शाहरुख खान की 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली, 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन और फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की। सामंथा ने पहले अल्लू अर्जुन और एटली दोनों के साथ ही काम किया है।

एटली अपनी अपकमिंग मूवी के लिए अल्लू अर्जुन का नाम फाइनल कर चुके हैं और अब वो हीरोइन के रूप में सामंथा को बोर्ड में लेना चाह रहे हैं। दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट आना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एटली अब अल्लू अर्जुन के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। दोनों अक्टूबर 2024 से इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। दोनों ने सब्जेक्ट को फाइनल कर लिया है और एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए कास्टिंग का प्रोसेस शुरू कर दिया है।

प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एटली अपनी फिल्म की हीरोइन के लिए सामंथा रुथ प्रभु से बातचीत कर रहे हैं। अगर ये खबर सही साबित होती है तो सामंथा और अल्लू एक बार फिर से साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'पुष्पाः द राइज' फिल्म में सामंथा का आइटम सॉन्ग था, जो खूब पॉप्युलर हुआ था। सूत्र का कहना है कि सामंथा और एटली के बीच पुराने समय से ही बहुत अच्छा रिश्ता रहा है। दोनों पहले 'थेरी' फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। अगर सामंथा, अल्लू अर्जुन और एटली की तिकड़ी साथ में काम करती है तो ये उनका री-यूनियन होगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा होने वाला है।



हॉलीवुड मसाला




## ट्रैक सूट में दिखा कूल लुक

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल जूलिया फॉक्स को उनके रिस्की और डेरिंग आउटफिट्स के लिए जाना जाता है। लो-राइज जींस हो या कोई क्लासिक लेदर आउटफिट एक्ट्रेस हर ड्रेस को अपने ही स्टाइल में कैरी करती हैं। हाल ही में जूलिया फॉक्स की एयरपोर्ट से कुछ तस्वीरें सामने आई, जिसमें उनका कूल लुक देखने को मिल रहा है। तस्वीरों में जूलिया फॉक्स ब्लू कलर के वेलवेट ट्रैक सूट में नजर आ रही हैं। उन्होंने मिनिमल मेकअप, शेड्स से लुक को पूरा किया है। एयरपोर्ट पर हसीना स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं।




## ट्रोलिंग से परेशान लिज्जो ने ट्रोलर्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर-सॉन्गराइटर लिज्जो ने अपने आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। 35 वर्षीय सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा नोट शेयर किया और कहा कि वह लोगों द्वारा किए जाने वाले इंटरनेट ट्रोलिंग से थक गई हैं। लिज्जो ने लिखा, मैं बस अच्छा म्यूजिक बनाना चाहती हूं, ताकि लोगों को खुश कर सकूं और दुनिया को जैसा मैंने पाया, उससे थोड़ा बेहतर बनाने में मदद कर सकूं। लेकिन मुझे ऐसा लगने लगा है कि दुनिया मुझसे ऐसा नहीं चाहती। मैं लगातार मेरे बारे में बोले जाने वाले झूठ का विरोध करती हूं। मैं कैसी दिखती हूं, इसको लेकर हर बार मजाक बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके करेक्टर को वो लोग गलत ठहरा रहे हैं, जो उन्हें जानते तक नहीं और उनके नाम को बदनाम कर रहे हैं। हालांकि, सिंगर ने यह नहीं बताया कि इस पोस्ट के पीछे क्या कारण है, लेकिन कमेंट सेक्शन में उनके दोस्त और फैंस उत्साहवर्धक कमेंट कर रहे हैं।




## क्रू ने किया 30 करोड़ का आकड़ा पार

**मुंबई।** फिल्म 'क्रू' ने 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। इस फिल्म को रिलीज के साथ ही बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। मूवी में तीनों हसीनाओं ने अपनी एक्टिंग का ऐसा जादू बिखेरा की फिल्म ने महज तीन दिनों में ही शानदार कमाई कर डाला। ऐसे में अब 'क्रू' के चौथे दिन के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। 'क्रू' में करीना, तब्बू और कृति ने एयर होस्टेस का रोल निभाया है। तीनों की तिकड़ी ने ऑडियंस को जमकर एंटरटेन तो किया ही है साथ ही खूब हंसाया भी है। चार दिन में फिल्म की कुल कमाई 30.78 करोड़ रुपए हो गई है। क्रू भले ही बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा रही है, लेकिन इसके सामने कई बड़ी फिल्में मुकाबले के लिए खड़ी हैं। अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' लगातार बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' भी सामने खड़ी है।



## मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। काफी समय से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस ट्रेलर देखकर काफी खुश हैं और अब फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती है प्रियमणि से, जो कहती हैं वैसे पूरी इंडिया में किसी को नहीं लगता कि हम जीते हैं पर आपको लगता है। कब? इसके बाद दिखाया जाता है कि अजय भारत के लिए एक फुटबॉल की टीम तैयार कर रहे हैं। वह चुन-चुनकर खिलाड़ी लेकर आते हैं जहां मैनेजमेंट से भी उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। देश का नाम रोशन करने के बीच अजय के खिलाफ जब पूरी दुनिया हो जाती है तो कैसे वह लड़ते हैं यही मैदान की कहानी है। ट्रेलर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

## पूजा की लाइफ में प्यार की एंट्री रोहन मेहरा संग स्पॉट हुई एक्ट्रेस

**मुंबई।** एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी निजी जिंदगी के मामले में लो प्रोफाइल रहती हैं। लेकिन वो इस बार कथित बॉयफ्रेंड रोहन मेहरा के साथ स्पॉट की गईं। दोनों की तस्वीरें मुंबई के बांद्रा में पपाराजी ने लीं। पूजा और रोहन को एक ही कार में साथ जाते हुए भी देखा गया। पूजा कथित तौर पर पिछले कुछ समय से रोहन को डेट कर रही हैं। वह दिवंगत एक्टर विनोद मेहरा के बेटे हैं। रोहन ने 2018 में सैफ अली खान के साथ 'बाजार' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। रोहन का नाम पहले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' स्टार तारा सुतारिया के साथ जोड़ा गया था। हालांकि, मई 2019 में दोनों के अलग होने की खबरें आने लगीं। 2023 में पूजा तब सुर्खियों में आईं जब कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वह मुंबई के एक क्रिकेटर को डेट कर रही हैं और जल्द ही उनके साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। एक्ट्रेस ने इन अफवाहों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया। पिछले महीने पूजा मिस वर्ल्ड 2024 के ग्रैंड फिनाले में जजों में से एक थीं। पपाराजी के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लाइफ सर्कल पूरा हो गया है क्योंकि मैं कॉम्पटिशन में रनर अप रही थी, लेकिन आज मैं इसे जज कर रही हूं। वर्कफ्रंट पर, पूजा को आखिरी बार सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में देखा गया था।



## मोहिना कुमारी के घर गूंजी नन्हीं शहजादी की किलकारी



**मुंबई।** टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता फेम मोहिना कुमारी सिंह के घर हाल ही खुशियों ने दस्तक दी है। मोहिना कुमारी का घर आखिरकार किलकारियां गूंज उठी है। एक्ट्रेस ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। बता दें कि अभी तक खुद मोहिना ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी अपने फैंस को नहीं दी है। इस बारे में हालांकि अभी और जानकारी सामने नहीं आ पाई है हालांकि उनके फैन पेज ने मोहिना के दूसरी बार मां बनने की खबरों को लेकर कई पोस्ट किए हैं। देखना होगा कि अदाकारा के परिवार से ये न्यूज कब तक कंफर्म हो पाती है। मोहिना ने 14 अक्टूबर 2019 को उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री व आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज के छोटे बेटे सुयश रावत के साथ शादी रचाई थी। उस समय इस शाही शादी की चर्चा पूरे देश में हुई थी। शादी के करीब ढाई साल बाद कपल ने 15 अप्रैल 2022 एक प्यारे से बेटे का स्वागत किया, जिसका नाम उन्होंने रेयांश रखा है। वहीं अब कपल दूसरी बार पेरेंट्स बना। फिलहाल हमें एक्ट्रेस की बेटी की तस्वीर का इंतजार है। हम मोहिना और सुयश रावत को बच्चे को ढेर सारी बधाई देते हैं।

## 2025 में आएगा फर्जी का सीक्वल



**मुंबई।** शाहिद कपूर ने 'फर्जी' से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर खूब धूम मचाई। इस सीरीज को काफी पसंद किया गया। वहीं फैंस इस सीरीज़ के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। इस बीच 'फर्जी 2' की रिलीज को लेकर नया अपडेट सामने आया हैं। इसमें बताया गया कि फर्जी 2 अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी। वहीं शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में फर्जी के सीक्वल को लेकर कहा था, तो निश्चित रूप से फ़र्ज़ी का दूसरा सीज़न आएगा। जिस तरह से इस सीरीज़ का पहला पार्ट खत्म हुआ था वह काफी अच्छा था। इसलिए बहुत कुछ होने की संभावना है। हालांकि मैंने अभी तक ओटीटी के लिए किसी भी चीज़ के लिए हां नहीं कहा है, लेकिन फर्जी 2 ज़रूर बनेगी। बता दें फर्जी वेब सीरीज में विजय सेतुपति एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आए थे, जबकि शाहिद कपूर ने एक चोर की भूमिका निभाई थी, जिसने सभी को चौंका दिया था। इस सीरीज में शाहिद कपूर और विजय सेतुपति के अलावा केके मेनन, राशि खन्ना और भुवन अरोड़ा भी नजर आए थे।



## टॉक्सिक में नजर आएंगी करीना और कियारा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम जारी है। अब कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि फिल्म में एक नहीं, बल्कि तीन-तीन हसीनाएं होंगी, जिनमें से दो का नाम भी फाइनल हो गया है। ये दो हसीनाएं बॉलीवुड से चुनी गई हैं। इनका नाम करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, टॉक्सिक में तीन-तीन लीडिंग एक्ट्रेसेस होंगी। बोर्ड में करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को शामिल कर लिया गया है। मेकर्स जल्द ही इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी करने वाले हैं। सूत्र ने ये भी खुलासा किया है कि करीना फिल्म में यश की बहन का रोल करने वाली हैं। अगर ऐसा होता है तो करीना इस फिल्म से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगी। बताया जा रहा है कि ये फिल्म ड्रग कार्टेल पर बेस्ड है, जो गोवा में समंदर के किनारे धड़ल्ले से चल रहा है। हाल ही में फिल्म के सेट से एक फोटो और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें यश डायरेक्टर के साथ शूटिंग और लोकेशन को लेकर प्लानिंग बना रहे थे। इस फिल्म को रिलीज होने में अभी काफी वक्त है। कहा जा रहा है कि ये अगले साल 2025 में रिलीज हो सकती है।

### सलीम ने कर दी थी संजीव की तारीफ, खफा हो गए थे राजेश, बंद कर दी बातचीत

## संजीव कुमार के कारण आ गई थी सलीम खान और राजेश खन्ना की दोस्ती में खटास

**मुंबई।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार राजेश खन्ना के रुतबे और रौब की कई कहानियां सुनने को मिल जाती हैं। फैंस के दिलों पर राज करने वाले राजेश खन्ना किसी के आगे झुकने वालों में से नहीं थे। कई बार काका का ये रवैया उनके रिश्तों के बीच भी आया। ऐसा ही एक किस्सा राजेश खन्ना का सलीम खान से जुड़ा हुआ है, जब संजीव कुमार की तारीफ करने पर वो नाराज हो गए थे। राजेश खन्ना और सलीम खान के बीच गहरी दोस्ती रही थी।



### कैसे शुरू हुआ किस्सा

राजेश खन्ना और सलीम खान की दोस्ती में खटास तब आ गई थी, जब एक मैग्जीन में संजीव कुमार का आर्टिकल छपा और उसमें सलीम खान का जिक्र था। रिपोर्ट के अनुसार, एक बार राजेश खन्ना बांद्रा के महबूब स्टूडियो में अपनी किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। इस दौरान उनके हाथ एक मैग्जीन लगी, जिसने संजीव कुमार पर कवर स्टोरी की थी, इसमें सलीम जावेद ने उनकी तारीफ की थी और उन्हें एक मंझा हुआ कलाकार बताया था।

### सलीम को भेजा बुलावा

राजेश खन्ना ने मैग्जीन पड़ते ही अपने ड्राइवर से सलीम खान को लेकर आने के लिए कहा। उनका घर महबूब स्टूडियो के पास ही था। ड्राइवर उन्हें लेने पहुंचा और कहा कि काका ने आपको बुलाया है। इस पर सलीम खान ने कहा कि ठीक है मैं तैयार होकर आता हूं, लेकिन ड्राइवर ने जोर देते हुए कहा कि अभी चलना होगा काका ने तुरंत बुलाया है।



### सलीम से रूठे काका

राजेश खन्ना ने सलीम जावेद से पूछा तो आपको लगता है कि संजीव कुमार एक अच्छे अभिनेता हैं? जवाब देते हुए सलीम खान ने कहा-हां, बिल्कुल। अगर कोई मैग्जीन आप पर कवर स्टोरी करेगा, तो मैं आपकी भी तारीफ करूंगा। इतना सुनते ही राजेश खन्ना उठे और वहां से चले गए। इसके बाद 6 महीनों तक उन्होंने सलीम खान से कोई बात नहीं की और राब्ता खत्म कर दिया।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

408 चौके
270 छक्के

## खबर संक्षेप



### शीर्ष जेसिका पेगुला की संघर्षपूर्ण जीत

**चार्ल्सटन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हमवतन अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा को 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला ने मैच में सात ऐस लगाए थे और 15 में से केवल 4 ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाने के बावजूद जीत हासिल की। अनिसिमोवा ने 8 में से 4 ब्रेक प्वाइंट को भुनाया। तीसरी वरीयता प्राप्त मारिया सकारी भी बुल्गारिया की विक्टोरिया टोमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गईं, जबकि पोलैंड की मैग्डा लिनेट ने दूसरे दौर के मैच में बुल्गारिया की दयाना यास्त्रेम्स्का को 0-6, 6-4, 6-3 से हराया।

### चोटिल शिवम मावी आईपीएल से बाहर



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी पसली की चोट से उबरने में नाकाम रहे और इस कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में नहीं खेल पाएंगे। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच पिछले साल अगस्त में खेला था। वह उत्तर प्रदेश की तरफ से घरेलू सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के सत्र से पहले लगाए गए अभ्यास शिविर में शामिल हुए थे। मावी पिछले साल अगस्त में चोटिल हो गए थे। लखनऊ की फ्रेंचाइजी ने कहा, 'यह प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज नीलामी के बाद हमसे जुड़ गया था और हमारे सत्र पूर्व लगाए गए शिविर का हिस्सा था। वह इस सत्र के लिए हमारी टीम का अहम हिस्सा था, इसलिए हम और शिवम दोनों निराश हैं कि उनका सत्र इतनी जल्दी खत्म हो गया।'

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में



**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर की खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी।

# मयंक की गति और सटीक गेंदबाजी से काफी प्रभावित हैं रबाडा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मयंक यादव की तेज गति और सटीक गेंदबाजी से बेहद प्रभावित दक्षिण अफ्रीका और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा इस तेज गेंदबाजी सनसनी को टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में 'संभावित चयन' के रूप में देखते हैं।

दिल्ली का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हर मैच में गति के नए कीर्तिमान बना रहा है और मंगलवार की रात उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपने पहले सत्र में लगातार दूसरी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता जिससे लखनऊ सुपर जाइंट्स को शानदार जीत मिली। रबादा की टीम पंजाब किंग्स को पिछले हफ्ते मयंक की शॉर्ट-पिच गेंदों की बौछार का सामना करना पड़ा था जब पदार्पण करने वाले इस खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए थे। खेल के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से रबादा की सटीक गेंदबाजी पर बात की।

### मंयक के पास जो है उसे आप खरीद नहीं सकते

रबादा ने कहा, 'उसके पास कुछ ऐसा है जिसे आप खरीद नहीं सकते और वह है उसकी गति। वह इसका फायदा उठा रहा है और काफी अच्छी तरह ऐसा कर रहा है।' उन्होंने कहा, वह जिस लेंथ से गेंदबाजी करता है, उसकी योजना स्पष्ट है और अब बल्लेबाजों को इसका पता चल जाएगा कि वह क्या कर सकता है।



### गति और बेहतर नियंत्रण

रबाडा ने कहा, 'उसके पास गति और नियंत्रण है और वह अपनी भूमिका को समझता है। इसलिए जब आपके पास स्पष्टता है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह इस तरह का प्रदर्शन कर रहा है।'

### प्रदर्शन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

मयंक ने आईपीएल में केवल दो मैच खेले हैं लेकिन अमेरिका और कैरेबिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में उनके संभावित चयन को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है और रबादा को भी लगता है कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### पंजाब किंग्स के प्रति प्रतिबद्ध

आईपीएल 2024 काफी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि यह जून में टी20 विश्व कप से पहले होगा जहां रबादा दक्षिण अफ्रीका को पहला आईसीसी खिताब दिलाने की कोशिश करेंगे। लेकिन इससे पहले वह इस सत्र में पंजाब किंग्स के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

### मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना

रबादा ने कहा, 'मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना है और इस आईपीएल में प्रत्येक मैच के लिए खुद को उपलब्ध रखना है। बाकी कोच और प्रबंधन पर निर्भर है।' रबादा ने कहा, अगर विश्व कप के लिए चुना जाता हूं तो मैं इसमें शामिल होना पसंद करूंगा।

# सुनील की धमाकेदार पारी केकेआर ने दिल्ली को रौंदा

**लगातार तीसरी जीत कैपिटल्स को 106 रन से हराया**

**नारायण-अंगकृष की फिफ्टी, वरुण-वैभव को 3-3 विकेट**

भाषा ▶▶| विशाखापत्तनम

सुनील नारायण की आक्रामक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हराया। नारायण के 39 गेंद में 85 और अंगकृष रघुवंशी के 27 गेंद में 54 रन की मदद से केकेआर ने सात विकेट पर 272 रन बनाये और आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड की बराबरी करने से पांच रन से चूक गई।

- नारायण ने 39 गेंद में 85 और रघुवंशी ने 27 गेंद में 54 रन बनाए
- केकेआर ने 7 विकेट पर 272 रन बनाए

दिल्ली की टीम बल्ले और गेंद दोनों से मैच में कहीं नजर ही नहीं आई। कप्तान ऋषभ पंत ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने भी 54 रन की पारी खेली लेकिन इनके अलावा कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका और पूरी टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर सिमट गई। पंत और स्टब्स ने 93 रन की साझेदारी की लेकिन तब तक बीस रन प्रति ओवर की दर से रन बनाने थे। केकेआर के लिये वैभव अरोरा ने तीन विकेट लिये जबकि उसके सबसे महंगे खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने पावरप्ले में ही सफलता दिलाई। दिल्ली की टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिली और विकेट लगातार गिरते रहे। इससे पहले अपना आक्रामक फॉर्म जारी रखते हुए नारायण ने दिल्ली के सभी गेंदबाजों की धुनाई की। उन्होंने 39 गेंद में सात छक्कों और सात चौकों की मदद से 85 रन बनाये। दिल्ली ने उन्हें 53 के स्कोर पर जीवनदान दिया जो महंगा साबित हुआ और नारायण ने टी20 क्रिकेट में अपना सर्वोच्च स्कोर बना डाला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिलने के बाद रघुवंशी ने 27 गेंद में 54 रन बनाये। नारायण और रघुवंशी ने 48 गेंद में 104 रन की साझेदारी की।





आंद्रे रसेल ने 19 गेंद में 41 और रिंकू सिंह ने आठ गेंद में 26 रन बनाये। दिल्ली के गेंदबाजों ने टीम के इतिहास में किसी मैच में सबसे ज्यादा रन गंवाये। केकेआर के बल्लेबाजों ने 18 छक्के और 28 चौके जड़े। नारायण ने खलील अहमद को डीप प्वाइंट पर पहला चौका लगाया। उन्होंने ईशांत शर्मा के चौथे ओवर में तीन छक्के और दो चौके समेत 26 रन बंटोरे। दूसरी ओर फिल साल्ट को डेविड वॉर्नर से जीवनदान मिला लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा सके और अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद 18 वर्ष के अंगकृष मैदान पर उतरे और पहली ही गेंद पर चौका लगाया। दूसरी गेंद को भी उन्होंने सीमारेखा पर पहुंचाया। दिल्ली के गेंदबाज इन दोनों बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके। नारायण और अंगकृष लगातार दो ओवरों में आउट हुए लेकिन उसके बाद रसेल ने रनों का प्रवाह जारी रखा।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

| | |
|---|---|
| फिल साल्ट का स्टब्स बो नॉर्किया | 18 |
| सुनील नारायण का पंत बो मार्श | 85 |
| अंगकृष रघुवंशी का शर्मा बो नॉर्किया | 54 |
| आंद्रे रसेल बो शर्मा | 41 |
| श्रेयस अय्यर का स्टब्स बो अहमद | 18 |
| रिंकू सिंह का वॉर्नर बो नॉर्किया | 26 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 5 |
| रमनदीप सिंह का साव बो शर्मा | 2 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 22 रन
**कुल योग** : 20 ओवर में सात विकेट पर 272 रन
**विकेट पतन** : 1-60, 2-164 , 3-176 , 4-232 , 5-264, 6-264 , 7-266
**गेंदबाजी** : खलील 4-0, 43-1, ईशांत 3-0, 43-2, नॉर्किया 4-0, 59-3, सलाम 3-0, 47-0, सुमित 2-0, 19- 0, अक्षर 1-0, 18-0, मार्श 3-0, 37-1

### दिल्ली कैपिटल्स

| | |
|---|---|
| डेविड वॉर्नर बो स्टार्क | 18 |
| पृथ्वी साव का वरूण बो अरोरा | 10 |
| मिचेल मार्श का रमनदीप बो स्टार्क | 0 |
| अभिषेक पोरेल का नारायण बो अरोरा | 0 |
| ऋषभ पंत का अय्यर बो वरूण | 55 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का स्टार्क बो वरूण | 54 |
| अक्षर पटेल का पांडे बो वरूण | 0 |
| सुमित कुमार का पांडे बो नारायण | 7 |
| रसिख सलाम का साल्ट बो अरोरा | 1 |
| एनरिच नॉर्किया का अय्यर बो रसेल | 4 |
| ईशांत शर्मा नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : 16 रन
**कुल योग** : 17 . 2 ओवर में 166 रन
**विकेट पतन** : 1-21, 2-26, 3-27 , 4-33 , 5-126 , 6-126 , 7-159 , 8-159 9-161
**गेंदबाजी** : स्टार्क 3-0, 25-2, अरोरा 4-0, 27-3, रसेल 1.2-0, 14-1, नारायण 4-0, 29-1, चक्रवर्ती 4-0, 33-3, अय्यर 1-0, 28-0

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने आज गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती





एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

**गेंदबाजों का जवाब नहीं:** पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे।

**बॉडी लाइन गेंदबाजी कर रहे:** मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

**लिविंगस्टोन रहेंगे अनुपलब्ध :** पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को किया क्लीन स्वीप

## दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| चटगांव

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया।


श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। श्रीलंका ने इससे पहले टी20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे श्रृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए।




### सुमित नागल मराकेश ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

**मराकेश (मोरक्को)।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल मराकेश ओपन के पुरूष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 95वें स्थान पर काबिज नागल को इटली के लोरेंजो सोनेगो ने 1-6, 6-3, 6-4 से हराया। जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले नागल दूसरे दौर में हार गए थे। उसके बाद उन्होंने चेन्नई ओपन जीता लेकिन वहां खिताब जीतने के बाद से सिर्फ एक बार बेंगलुरू चैलेंजर के सेमीफाइनल तक पहुंच सके। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती की जोड़ी ने प्री क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के बार्ट स्टीवेंस और यूनान के पेट्रोस सिटसिपास को 6-3, 6-4 से हराया।

## इंग्लिश प्रीमियर लीग




**नॉटिंघम।** इंग्लैंड के सिटी ग्राउंड में मंगलवार को नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट और फुलहम के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान अपनी टीम के लिए दूसरा गोल करने के बाद नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट क्रिस वुड (बाएं) टीम के साथी मॉर्गन गिब्स-व्हाइट के साथ जश्न मनाते हुए।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान है सिंह

# हार्दिक ने करियर को दिशा देने का श्रेय जुगराज को दिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह को अगर अपने मामा और भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह से समय पर सलाह नहीं मिलती तो वह 2017 में ही नीदरलैंड चले जाते जब वह राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी।

पंजाब के जालंधर के समीप खुसरोपुर गांव के रहने वाली मिडफील्डर हार्दिक ने कहा कि अगर उनके मामा जुगराज उन्हें एकाग्र रहने के लिए प्रेरित नहीं करते तो वह भारत के लिए खेलने का अपना सपना छोड़ने की कगार पर थे।




### 14 साल की उम्र में हॉकी एकाडमी से जुड़ा

हार्दिक ने विशेष बातचीत में कहा, '14 साल की उम्र में मोहाली हॉकी अकादमी से जुड़ने के बाद मैं सब-जूनियर स्तर से सीनियर स्तर तक अच्छी गति से आगे बढ़ा। लेकिन कुछ वर्षों के बाद, मैंने खुद को ऐसी स्थिति में पाया जहां मैंने आत्मविश्वास खो दिया था क्योंकि राष्ट्रीय शिविर के लिए नजरअंदाज किया जा रहा था।'

### क्लब हॉकी खेलने नीदरलैंड जाने वाला था

हार्दिक ने कहा, 'उस समय, 2017 में, मैंने क्लब हॉकी खेलने के लिए नीदरलैंड में स्थानांतरित होने के बारे में सोचा था। मैंने भारत का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद छोड़ दी थी। अगर जुगराज उस समय मेरा मार्गदर्शन नहीं किया होता तो मैं यहां नहीं होता। जब आप अच्छा कर रहे होते हैं तो आपको अच्छे मार्गदर्शन की जरूरत होती है।'

### खेल में सुधार करने की सलाह दी

हार्दिक ने कहा, 'उन्होंने मुझे देश में हॉकी को और अधिक देखने तथा अपने खेल में सुधार करने की सलाह दी। उस समय मैं 18-19 साल का था इसलिए मैंने सोचा कि स्वयं को कुछ और समय दिया जाए।' उन्होंने कहा, उन्होंने (जुगराज) मुझसे कहा कि उम्र आपके पक्ष में है। आपके पास खेल है, आप भारत में रहकर भी चमक सकते हैं।

# निकहत, मनिका और श्रीशंकर को मिली वित्तीय सहायता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुक्केबाज निकहत जरीन, लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और शॉटगन निशानेबाज भवानीश मेंदीरता सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों के विदेश में अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता के आग्रह को खेल मंत्रालय ने बुधवार को यहां बैठक में मंजूरी दी। मुक्केबाज निकहत, प्रीति पवार, प्रवीण हुडा और लवलीना बोर्गोहेन अपने कोच और फिजियो के साथ विशेष अभ्यास शिविर के लिए तुर्की की यात्रा करेंगे।

पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले अभ्यास के लिए रूस जाएंगे।



सभी सहायता मंत्रालय के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत प्रदान की जा रही है। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले शॉटगन निशानेबाज मेंदीरत्ता बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप के लिए निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ अभ्यास के लिए इटली जाएंगे, जबकि एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता श्रीशंकर सुजोउ और दोहा में डायमंड लीग में भाग लेंगे।

## एक नजर

### गृह क्लेश से तंग पूर्व विधायक ने की आत्महत्या



**जयपुर।** भीलवाड़ा की मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक रहे विवेक धाकड़ ने गुरुवार को आत्महत्या कर ली। धाकड़ ने सुबह अपने हाथ की नसें काटकर आत्महत्या कर ली। विवेक ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के पिता इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ भी भीलवाड़ा में जिला प्रमुख रह चुके हैं। सुभाष नगर थाना अधिकारी इंस्पेक्टर शिवराज गुर्जर ने बताया कि प्रथम दृष्टि यह मामला गृह कलेश का ही लगता है।

### प्रथम चरण के लिए ईवीएम का रेंडमाइजेशन आज

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए एम-3 ईवीएम बीयू, सीयू एवं वीवीपीएटी का द्वितीय रेंडमाइजेशन 5 अप्रैल को किया जाएगा। वहीं दूसरे चरण के चुनावों के लिए 13 अप्रैल को रेंडमाइजेशन होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीण गुप्ता ने बताया कि एम-3 ईवीएम बीयू, सीयू एवं वीवीपीएटी का द्वितीय रेंडमाइजेशन चुनाव पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में होगा। इस दौरान चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी भी उपस्थित रहेंगे। पहली बार इन्हें लोकसभा क्षेत्र आवंटित करने के लिए 19 और 20 मार्च को किया गया था। द्वितीय चरण के चुनावों के लिए 13 अप्रैल को रेंडमाइज किया जाना है।

### बीकानेर हाउस में 'राजस्थान उत्सव' का हुआ समापन



**जयपुर।** नई दिल्ली में राजस्थानी कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और खान-पान की अमिट छाप छोड़कर नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव का आज गुरुवार को समापन हो गया। बीकानेर हाउस में रूडा, राजस्थान पर्यटन विभाग और बीएचएमएस की ओर से आयोजित राजस्थानी हॉट बाजार और राजस्थान उत्सव के साथ-साथ प्रदेश की संस्कृति से रूबरू करवाते अलग-अलग कार्यक्रमों ने देशी-विदेशी आगंतुकों को अपनी ओर खूब आकर्षित किया। उत्सव में गणगौर की सवारी के साथ- साथ सांस्कृतिक संध्याओं में राजस्थानी कला-संस्कृति से दर्शन रूबरू हुए। राजस्थानी परिधानों में सजी महिलाओं ने मंगल कलश लेकर गणगौर की सवारी निकाली।

---

**भाजपा नेता अरुण चतुर्वेदी और राखी राठौड़ ने पूर्व सीएम पर बोला जुबानी हमला**

# गहलोत ने रिश्तेदारों को कौड़ियों में दिलाई करोड़ों की जमीन

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे पर आरोप लगाने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। गुरुवार को भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं ने पूर्व कांग्रेस सरकार पर जमकर कटाक्ष किए। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर आरोप लगाते हुए कहा कि गहलोत सरकार के 2008-13 के कालखंड में विभिन्न घोटाले हुए थे। भाजपा लगातार उस कालखंड में गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाती रही थी। जिस प्रकार वर्ष 2012 में तत्कालीन सीएम गहलोत ने चौहान बंधुओं को लाईम स्टोन की खाने अवैधानिक ढंग से आवंटित कर एक हजार करोड़ का घोटाला किया था। उसी तरह इस बार भी उन्होने अपने रिश्तेदारों को बिना नीलामी के कीमती जमीन सस्ती दरों पर दिलाकर उपकृत किया है। जोधपुर विकास प्राधिकरण ने गहलोत के दबाव में 15 करोड़ की जमीन महज 3.67 लाख में उनके रिस्तेदारों को दे दी। इस नियम विरूद्ध बेचान के खिलाफ नगरीय विकास विभाग में जांच विचाराधीन है। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय रीट से लेकर एसआई भर्ती परीक्षा सहित कुल 19 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। प्रदेश की भजनलाल सरकार लगातार पेपर माफियाओं पर कार्रवाई कर रही है।



### कांग्रेस में नारी शक्ति का अपमान

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ ने प्रेसवार्ता में कहा कि कांग्रेस नेताओं की नारी शक्ति के प्रति किस प्रकार की मानसिकता है, वह लगातार उनके बयानों से नजर आती है। पहले राहुल गांधी ने शक्ति का अपमान किया और अब रणदीप सुरजेवाला ने महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया है। इससे पहले कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत्र ने भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी कंगना राणौत के खिलाफ बेहद घटिया बयान दिया था।

### चुनाव आयोग खारिज करे राहुल का नामांकन

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य और बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के पूर्व डिप्टी चेयरमैन एडवोकेट योगेन्द्र सिंह तंवर ने राहुल गांधी की ओर से केरल की वायनाड लोकसभा क्षेत्र से भरे गए नामांकन फॉर्म में चुनाव आयोग से तथ्य छिपाने और अधूरी जानकारी देने का आरोप लगाया है। एडवोकेट योगेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने नामांकन फॉर्म 26 के शपथ-पत्र में पैरा संख्या-02 में अनुलग्नक-ए होना लिखा है, जबकि ये अनुलग्नक-ए फॉर्म के साथ नहीं लगाया गया। इसके अलावा नामांकन फॉर्म में अनुलग्नक- बी में आपराधिक रिकॉर्ड के पैरा संख्या 05 में यह लिखकर बताया कि यह जानकारी एक अलग शीट के रूप में अनुलग्नक-बी में दी गई है। परंतु जब अनुलग्नक-बी की जांच की गई तो इसमें ना ही दिनांक लिखी गई है, ना ही हस्ताक्षर करने वाले का नाम अंकित है, और ना ही इस शीट में लिखे हुए तथ्यों का सत्यापन किया गया है। एडवोकेट योगेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि नामांकन फॉर्म में अनुलग्नक-बी पांच पेज में है, जबकि मूल शपथ-पत्र के पैरा 05 में इन पृष्ठों की संख्या का कहीं उल्लेख नहीं किया गया।

---

**लोकसभा चुनाव: उदयलाल आंजना ने चित्तौड़गढ़ से भरा नामंकन**

# BJP ने संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की ठानी: खरगे

**■ कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर साधा निशाना**

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** चित्तौड़गढ़ के सांसद प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने गुरुवार को नामंकन दाखिल किया। पर्चा भरने के दौरान कांग्रेस के कई दिग्गज उनके साथ मौजूद रहे। इसके साथ ही एक जनसभा का आयोजन भी किया गया, जसमें कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर वार किए।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गुरुवार को पहली बार चित्तौड़गढ़ पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर जुबानी हमले किए। खरगे ने कहा कि भाजपा की वाशिंग मशीन में सारे भ्रष्टाचारी धुल रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश की भाजपा सरकार ने संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की ठान ली है और अब इस चुनाव में भाजपा को हरा कर ही लोकतंत्र को बचाया जा सकता है। अपने उद्बोधन के प्रारंभ में ही चित्तौड़गढ़ पहली बार आए राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे ने चित्तौड़गढ़ की धरती को शक्ति, भक्ति और वीरता की धरती बताते हुए कहा कि यहा पर स्वाभिमान के लिए लड़ने वाले लोग है। उन्होंने आजादी के आंदोलन को याद करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास एक लम्बी फेहरिस्त है जिन्होंने आजादी के लिए बलिदान दिए है लेकिन भाजपा और आरएसएस के लोग एक नाम बताकर बता दे। खरगे ने नेहरू और बाबा साहेब अम्बेडकर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एक संविधान दिया और उसी लोकतंत्र की वजह से आज मोदी प्रधानमंत्री के पद पर बैठे है लेकिन वे ही लोकतंत्र की जड़े काटना चाहते है।



### मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल रहे मोदीः पायलट

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि दस साल की मोदी सरकार में हर वर्ग शोषित हुआ है। देश की जनता ने उन्हें 300 पार पहुंचाया तो उन्होंने तीन काले कानून लाकर दिए। नोटबंदी और जीएसटी जैसे कदमों से देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया और निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है। यह चुनाव आम लोगों और किसानों का चुनाव है। वहीं कहा कि हवा बदल चुकी है और इस बार 400 पार के आंकड़े सपने में ही रह जायेंगे। इस दौरान उन्होंने उदयलाल आंजना को चिर युवा बताते हुए चुटकी ली कि आखिर वे किस चक्की का आटा खाते है।

### भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी पर बरसे आंजना

इससे पूर्व चित्तौड़गढ़ के सांसद प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने भी जनसमूह को संबोधित किया और कहा कि 1998 में उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा था वैसा ही आज माहौल देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीद के झांसे दिए जा रहे है और महज कुछ ही उपज की खरीद की जा रही है, लेकिन सरकार की आंखें बंद है। उन पर लगाये गये आरोपों पर जवाब देते हुए आंजना ने कहा कि मुझ पर डोडाचूरा बेचने के आरोप लगाये। वह तो मैनें व्यापार किया था लेकिन सांसद सीपी जोशी पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में अफीम किसानों से जो विभागीय लूट मचाई जा रही है उसमें उनकी कितनी हिस्सेदारी है।

### कई कांग्रेसी नेता रहे मौजूद

उदयलाल आंजना की नामांकन रैली के दौरान चित्तौड़गढ़, उदयपुर और प्रतापगढ़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष, विधायक पुष्कर डांगी, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, राजेन्द्र सिंह बिधूड़ी, रामलाल मीणा, प्रीति शक्तावत, शंकर बैरवा, डेयरी चेयरमेन बद्रीलाल जाट, महामंत्री महेन्द्र शर्मा, भगवती देवी झाला सहित विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस पदाधिकारी, विभिन्न संगठनों की पदाधिकारी मौजूद थे। समारोह का संचालन पुरूषोत्तम झंवर, रविप्रकाश सोनी ने किया।

---

**सीएम ने किया जनसभा को संबोधित**

# वागड़ के 70 साल से रुके विकास को अब पूरा करके दिखाएंगे



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांसवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया के समर्थन में रैली की। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले सुबह बीजेपी के प्रत्याशी महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने नामांकन दाखिल किया।

जनसभा में सीएम शर्मा ने कहा कि बांसवाड़ा, डूंगरपुर दोनों जिलों को मिलाकर वागड़ अंचल बनता है। इसका विकास अभी तक अधूरा रहा है। 70 साल से अधूरे इस विकास को पूरा करने का जिम्मा हमने उठाया है। बांसवाड़ा को धार्मिक पर्यटन से जोड़ा जा रहा है। आपके क्षेत्र में नेशनल हाईवे लगातार बन रहे हैं। रेल परियोजना आपकी सबसे बड़ी मांग थी, उसे भी भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पूरा कर दिया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज तक मेरे पास कोई विधायक नहीं आया, जिसने यह कहा हो कि मैं वागड़ अंचल से आया हूं, भले ही मेरी पार्टी दूसरी है, आप मेरे क्षेत्र का विकास करिए। सीएम ने कहा जो लोग विकास की मांग नहीं सकते वह विकास कर भी नहीं सकते। सीएम ने कहा कि जब महेंद्रजीत सिंह मालवीय कांग्रेस में थे, तब वह पत्र लिखते-लिखते थक जाते थे। कोई सुनवाई नहीं होती थी, लेकिन यह डबल इंजन की भाजपा सरकार है, यह जो भी योजना लेकर आएगी, उसे पूरा किया जाएगा।

सभा में वर्तमान सांसद कनकमल कटारा, जिला अध्यक्ष लाभचंद पटेल, विधायक कैलाश मीणा, पूर्व मंत्री भवानी जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद सिंह राव के समेत कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

**मंजू शर्मा ने बगरू विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क**

# जयपुर का विकास ही प्राथमिकता

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने आज बगरू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और इलाकों को दौरा कर सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों ने जयपुर की बेटी के स्वागत में पलक पांवड़े बिछा दिए वहीं उनका गली, मौहल्ले और कॉलोनियों में भव्य स्वागत किया गया।

मंजू शर्मा के स्वागत कार्यक्रम में महिलाएं भी पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर भाग लेती नजर आई। वहीं जनसभाओं में लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। जनसंपर्क के दौरान विभिन्न जनसभाओं व स्वागत कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास ने जो गति पकड़ी है उसे अब बरकरार रखने के लिए भाजपा और पीएम मोदी को मजबूत करना आवश्यक है। इस दौरान बगरू विधायक कैलाश वर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार में नेताओं ने केवल अपना पेट भरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की है। हमने हमेशा जोड़ने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत की तस्वीर बदल जाएगी।



---

**त्रिकोणीय हुआ मुकाबला, बीएपी बढ़ाएगी भाजपा की मुश्किलें**

# बांसवाड़ा से कांग्रेस ने उतारा डमी प्रत्याशी

**हिलव्यू समाचार**

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को कांग्रेस ने नामांकन के आखिरी समय में कांग्रेस नेता अरविंद डामोर को प्रत्याशी बना दिया।

डामोर ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इस सीट पर भाजपा की ओर से महेंद्रजीत सिंह मालवीया, कांग्रेस से अरविंद डामोर और बीएपी से राजकुमार रोत प्रत्याशी हैं। ऐसे में बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर अब त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। कांग्रेस की ओर से पहले बांसवाडा विधायक अर्जुन सिंह बामनिया का नाम आया। हालांकि अंत में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रहे अरविंद डामोर ने कांग्रेस के सिंबल पर नामांकन दाखिल कर दिया है। अरविंद की माता स्व. सीता डामोर पार्षद थीं और अब बड़ी बहन पार्षद हैं। अरविंद ने अभी तक कोई चुनाव नहीं लड़ा है। दूसरी तरफ बागीदौरा विधानसभा की बात करें, तो वहां पर भी डमी के रूप में एक वकील कपूर चंद को मैदान में उतारा है।

यहां पर भी पूरी कांग्रेस ने मिलकर एक रणनीति बनाई है। इसी के तहत दोनों डमी प्रत्याशी खड़े किए गए हैं। उधर जानकारों का कहना है कि बांसवाड़ा-डूंगरपुर दोनों जिलों में मिलाकर करीब 1 लाख मुस्लिम और तीन लाख ईसाई वोटर हैं, जो कि कांग्रेस का परंपरागत वोट हैं। यह पूरा वोट भारत आदिवासी पार्टी को मिल जाए, तो निश्चित रूप से वह बीजेपी के बराबर में खड़ी नजर आएगी।





---

**प्रदेश में आज से शुरू होगी होम वोटिंग, 16 अप्रैल तक चलेगा सिलसिला**

# पहले चरण में 12 सीटों पर जयपुर के 36 हजार वोटर्स घर से डालेंगे वोट

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए होम वोटिंग की प्रक्रिया शुक्रवार शुरू हो रही है। जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण समेत पहले चरण की 12 सीटों पर इस बार 36 हजार से ज्यादा वोटर्स घर बैठे वोट देंगे। इन मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग को 12-डी आवेदन पत्र देकर होम वोटिंग करने का विकल्प चुना था। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक 12 सीटों पर मतदान दल शुक्रवार से वोटिंग के लिए घर-घर जाएंगे। ये प्रक्रिया दो चरणों में 16 अप्रैल तक चलेगी। पहले राउंड में वोटर नहीं मिलता है तो टीम दोबारा वोटर्स के घर पर जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारीने बताया कि प्रथम चरण के मतदान वाले लोकसभा सीटों पर कुल 36,558 वोटर्स ने ने होम वोटिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है।




### 3 हजार 632 मतदाता करेंगे होम वोटिंग

उन्होंने बताया कि जयपुर शहर सीट पर 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 3 हजार 134 मतदाताओं और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 498 मतदाताओं सहित कुल 3 हजार 632 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है। जबकि जयपुर ग्रामीण में 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के 3 हजार 130 मतदाताओं और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग 841 मतदाताओं ने विकल्प चुना है।

### चुनाव कार्य में नियुक्त कर्मचारी भी आज से करेंगे मतदान

लोकसभा आम चुनाव की ड्यूटी में नियोजित पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए विभिन्न स्थानों पर सुविधा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर शुक्रवार से 10 अप्रैल तक विभिन्न दिवसों पर सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जा सकेगा। 5 एवं 6 अप्रैल को आरएसी के अधिकारियों एवं कार्मिकों के लिए एवं अन्य दिवसों पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डाक मतपत्र से मताधिकार के प्रयोग की सुविधा मिलेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा डाक मतपत्र से मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुविधा केन्द्रों में 36 मतदान बूथ स्थापित किए गए हैं। नेहरू नगर पानीपेच स्थित पुलिस अकादमी में 2, चांदपोल स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में 11, लालकोठी स्थित पुलिस मुख्यालय में 4, एमआई रोड स्थित होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर में 3, यातायात पुलिस यादगार में 2, घाटगेट स्थित पुलिस दूरसंचार में 2, जलमहल स्थित रिजर्व पुलिस लाइन ग्रामीण में 2, शासन सचिवालय में एक मतदान बूथ स्थापित किए गए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)